

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-59 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत. दिल्ली में लैंड हुआ तहुव्वर राणा का प्लेन



नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका से प्रत्यर्पित करके लाए गए 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का प्लेन दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हो चुका है। NIA ने उसे गिरफ्तार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके बाद उसे NIA हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा और पूछताछ शुरू होगी। जेल सोर्स के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि, उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी NIA और खुफिया एजेंसी RAW की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। तहव्वुर राणा के भारत पहुंचने से पहले पालम टेक्निकल एयरपोर्ट में एक पूरा कॉन्वॉय अंदर गया। इसमें चार इनोवा, दो सफारी, जैमर और बम निरोधक दस्ता भी शामिल था।

### आतंकी तहव्वुर राणा को कसाब की तरह बिरयानी देने की जरूरत नहीं', 26/11 अटैक के हीरो बोले- तुरंत फांसी दो

नई दिल्ली (आरएनएस)। मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा रहा है। उसके भारत में कदम रखने से पहले लोगों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। 26/11 अटैक के एक हीरो ने कहा, 'भारत को उसे आतंकी कसाब की तरह खास जेल, बिरयानी या और सुविधाएं देने की कोई जरूरत नहीं है। ये बात मोहम्मद तौफीक ने बोली है।मुंबई में एक 'चाय वाले' हैं, जिन्हें 'छोटू' उर्फ मोहम्मद तौफीक के नाम से जाना जाता है। उन्हें मुंबई आतंकी हमले 26/11 के हीरो के तौर पर पहचान मिली है। मोहम्मद तौफीक ने हमलों में कई लोगों की जान बचाई थी।मोहम्मद तौफीक ने कहा कि भारत को तहव्वुर राणा को जेल में खास सेल, बिरयानी और वैसी सुविधाएं देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने मांग की कि आतंकवादियों से निपटने के लिए अलग कानून होने चाहिए। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि उन्हें 2-3 महीने में फांसी हो जाए।

### फ्लाइट लैंड करते ही पायलट की हालत बिगड़ी, चंद पलों में मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। एयर इंडिया के फ्लाइट के पायलट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पायलट ने अभी फ्लाइट लैंड करवाई ही थी कि कुछ देर बाद ही वह उल्टियां करने लगा। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पायलट का नाम अरमान है।


अरमान की उम्र 28 साल थी और हाल ही में उसकी शादी हुई थी। साथी कर्मचारियों ने बताया कि लैंडिंग के बाद पायलट ने कॉकपिट में उल्टी की थी और फिर एयरलाइन के डिस्पैच ऑफिस में कार्डियक अरेस्ट से उसकी मौत हो गई। Air India E&press ने अपने बयान में कहा, हम अपने एक बेहद कुशल और सम्मानित सहकर्मी को खोने के कारण गहरे शोक में हैं. यह हमारे लिए एक अत्यंत दुखद क्षण है, हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।



जैन समुदाय के श्रद्धालु अगरतला के जैन मंदिर में महावीर जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना करते हुए.

## संत, महात्मा ज्ञान और सन्मार्ग के हैं प्रेरणा पुंज : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### महावीर जयंती पर रवीन्द्र भवन में हुआ विशेष कार्यक्रम



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार गौमाता की सेवा सहित जनकल्याण के विभिन्न कार्यों को संतजन का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त कर निरंतर रूप से कार्य करेगी। हमारे संत, महात्मा ज्ञान और सन्मार्ग के प्रेरणा पुंज हैं। भगवान महावीर ने अहिंसा, संयम, सत्य, समर्पण के मूल्यों को महत्व दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराज जी और अन्य संतों के आशीर्वाद से राज्य सरकार महावीर स्वामी के सिद्धांतों का पालन करते हुए जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ रही है।मु ख्यमंत्री डॉ. यादव रवीन्द्र भवन सभागम, भोपाल में गुरूवार की शाम आयोजित महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव और मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज के 38वें दीक्षा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जैन संप्रदाय के विभिन्न संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनन्दन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान महावीर और हमारे अन्य आराध्यों से भारत की विशेष पहचान विश्व में बनी है। विश्व के अधिकांश देशों में विभिन्न प्रकार के संघर्षों से संस्कृति की धारा प्रभावित हुई लेकिन भारत ऐसा राष्ट्र है जो संतों, मुनियों के बताए मार्ग पर आज भी चल रहा है। भारत में सन्मार्ग पर चलने की गौरवशाली परम्परा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज के चरणों में नमन करते हुए कहा कि दुनिया में 200 से ज्यादा देश हैं, इनमें से अनेक देशों की संस्कृति कहां गई, किसी को पता नहीं चला। दुनिया भले उलझन में रहे लेकिन भारतमाता ने कई संस्कृतियों को पल्लवित-पोषित किया है। भगवान महावीर स्वामी ने जीवन का रहस्य भी समझाया है। अपरिग्रह, त्याग, ब्रह्मचर्य, समर्पण के मूल्यों को उन्होंने स्थापित किया। आचार्य विद्यासागर जी को देखकर भगवान महावीर का स्मरण होता था। आचार्य विद्यासागर जी महाराज जीते जी देवत्व को प्राप्त हो गए। उनके बारे में लिखे साहित्य को पढ़ने पर यह ज्ञात होता है कि वैचारिक रूप से वे कितने समृद्ध थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुनि श्री से मुख्यमंत्री निवास पधारने का अनुरोध भी किया।

#### सत्ता के साथ श्रद्धा हो तो संस्कृति प्रतिष्ठित होती है

मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने कहा कि आज देश का सौभाग्य है देश और देश के कई राज्यों में धर्मधारी सत्ता में हैं। सत्ता के साथ श्रद्धा हो, तो संस्कृति प्रतिष्ठित होती है। हमारी संस्कृति पर अनेक आघात भी हुए, लेकिन आज भी संस्कृति का स्वरूप सुरक्षित है। एआइ और रोबोट आ जाने से कार्य में सुविधा हो सकती है, लेकिन ये यंत्र संवेदना से दूर हैं। मनुष्य के पास संवेदना की शक्ति है। यदि संवेदना नहीं है तो मनुष्य भी रोबोट और यंत्र ही कहलाएंगे। हमने ऐसी धरा पर जन्म लिया है जहां उत्तम विरासत प्राप्त हुई है। भौतिक समृद्धि स्थाई समृद्धि नहीं है। आध्यात्मिक मजबूती को आदर्श बनाने की आवश्यकता है। आचार विचार हीनता का कोई स्थान न होतो जीवन सफल और सार्थक होता है। आधुनिकता के साथ कार्य के प्रति ईमानदारी हो, तो परमात्मा भी मनुष्य को सक्षम बनाता है।

#### राज्य सरकार के गौ सेवा के प्रयास महत्वपूर्ण और सराहनीय हैं

मुनिश्री प्रमाणसागर जी महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के गौ सेवा के प्रयास महत्वपूर्ण और सराहनीय हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शालाओं में गायों के लिए आहार की राशि दोगुनी करने की घोषणा को मंत्रि-परिषद की स्वीकृति दिलवाई और इस तरह के प्रयास निंरतर कर रहे हैं, जो हमारी संस्कृति और गौरवशाली परम्परा को सशक्त बनाते हैं। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के पदाधिकारियों और विभिन्न संस्थाओं की ओर से अभिनन्दन किया गया।

## यूक्रेन-रूस संघर्ष में ड्रोन हैं सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले हथियार : राजनाथ सिंह



नई दिल्ली (आरएनएस)। यूक्रेन-रूस संघर्ष में ड्रोन एक नए सैन्य हथियार के रूप में उभरे हैं। सैनिकों और उपकरणों की अधिकांश हानि पारंपरिक तोपखाने या बख्तरबंद वाहनों के कारण नहीं, बल्कि ड्रोन के कारण हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यह बात कही। वह वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेस स्टॉफ कॉलेज (डीएसएससी) में भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बल अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती हुई तकनीकें प्रतिरोध और युद्ध में क्रांति ला रही हैं। युद्ध के मैदानों में तकनीकी नवाचार की शक्ति विस्मयकारी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए स्वदेशी रक्षा इकोसिस्टम का निर्माण एक रणनीतिक आवश्यकता है। इसी तरह 'लो अर्थ ऑर्बिट' में अंतरिक्ष क्षमताएं सैन्य इंटेलिजेंस को नए स्तर पर ले जा रही हैं। यह निरंतर निगरानी, स्थिति निर्धारण, लक्ष्य निर्धारण और संचार को बदल रही हैं, इस प्रकार युद्ध को एक नए उच्च स्तर पर ले जा रही हैं।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि दुनिया ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध के युग में है। जहां साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं, जिनसे एक भी गोली चलाए बिना राजनीतिक-सैन्य लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी सीमाओं पर लगातार खतरों का सामना करना पड़ रहा है। पड़ोसी देशों से उत्पन्न छद्म युद्ध और आतंकवाद की चुनौती से ये और भी जटिल हो गए हैं।

राजनाथ सिंह ने प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों के अलावा पश्चिम एशिया में संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनावों के समग्र सुरक्षा परिदृश्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी बात की। उन्होंने भविष्य के युद्धों के लिए सक्षम और प्रासंगिक बने रहने के लिए सशस्त्र बलों के परिवर्तन को सख्ती से आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण दो आधारभूत स्तंभों - सुरक्षित भारत और सशक्त भारत पर मजबूती से टिका हुआ है।

### बर्फीलीब वादियों में दौड़ेगी वंदे भारत



*नई दिल्ली (आरएनएस)। हल्की ठंडक और वसंत की खिलती बहार... हिमालय की बर्फीली चोटियाँ, सेब के पेड़ों पर गुलाबी फूलों की चादर, और मैदानों की हरी घास — यह सब अब सिर्फ कल्पना नहीं रहेगा। क्योंकि अब जल्द ही, यह सब आप अपनी आंखों के सामने, जम्मू कश्मीर के लिए स्पेशल डिजाइंड वंदे भारत ट्रेन में बैठकर देख सकेंगे। जैसे ही ट्रेन पहलगाम की घाटियों से गुजरेगी, हरियाली से सजी वादियाँ, दूर तक फैले चीड़ के जंगल और चरवाहों की झलक आपको एक लम्हे में रोक देंगे। देवदार की खामोशी को चीरती वंदे भारत की रफ्तार — तकनीक और प्रकृति का अद्भुत संगम जल्द ही आपको देखने को मिलेगा।"मेक इन इंडिया" के तहत इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) में बनी यह ट्रेन आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस है, जो बिजली सी चलती है। मगर सुरक्षित और आरामदायक सफर की मिसाल है। इसका सफर हर भारतीय को गर्व से भर देगा। यह वंदे भारत एक्सप्रेस विश्वसनीयता, सुरक्षा और यात्रियों के आराम को सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक एवं उन्नत सुविधाओं से युक्त है। इस वंदे भारत ट्रेन को कश्मीर घाटी की कठिन जलवायु परिस्थितियों में सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। जिससे अब हर मौसम में कश्मीर घाटी तक पहुंचना आसान होगा और वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत, क्षेत्र में यात्री सेवाएँ एवं पर्यटन अनुभव बेहतर बनाएगी।*

### तीसरी आंख




### ममता बनर्जी के लिए कोई पति क्यों नहीं खोजते, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज के बयान से सियासत में भूकंप

नई दिल्ली (आरएनएस)। वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर सियासत गरमाई हुई है। जिसको लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भले ही आप मुझे गोली मार दें, आप मुझे (उस) एकता से अलग नहीं कर पाएंगे। वहीं, अब सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू द्वारा ममता बनर्जी पर दिए गए बयान को लेकर सियासत और ज्यादा गर्मा गई है।



सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू ने ममता बनर्जी के लिए 'पति' खोजने की सलाह दी है। इस पर राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी यानी तृणमूल कांग्रेस ने हिंसा तक की धमकी दे दी है। खास बात है कि अपने बयानों को लेकर काटजू खासे चर्चा में बने रहते हैं। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने एक्स पर फोटो पोस्ट किया है। फोटो के अनुसार, 'क्यों बंगाली ममता बनर्जी के लिए अच्छा पति नहीं खोज लेते?' इसपर घोष ने बंगाली भाषा में किए पोस्ट पर काटजू के लिए धमकी जारी की है। उन्होंने लिखा, 'अगर ऐसा वास्तव में इस व्यक्ति ने कहा है और अगर वह माफी नहीं मांगते हैं और डिलीट नहीं करते हैं, तो इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह किस पद पर हैं। अगर मुझे खबर मिली कि वह बंगाल में हैं, तो मैं जाकर उन्हें थप्पड़ मारूंगा।'

## पंजाब में धमाके के बाद पाकिस्तान से सटे बॉर्डर पर रेड अलर्ट, इलाका सील



कलानौर(ए.)। गुरदासपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ की 58 बटालियन की बीओपी चौंतरा के इलाके में कंटीली तार के पार देश विरोधी तत्वों की ओर से लगाई गई माइन में से एक बम फटने से बुधवार को बीएसएफ का जवान सोहन सिंह जख्मी हो गया था। जिसके बाद अब रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। कंटीली तार के पार हुए बम धमाके के बाद बीएसएफ ने वीरवार को पाकिस्तान के साथ सटी पूरी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा बम ब्लास्ट वाले इलाके को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। बीएसएफ की ओर से खोजी कुत्तों की मदद से इलाके की जांच की जा रही है। इसके अलावा इलाके में मिले दो अन्य बम भी डिफ्यूज कर दिए गए हैं। फिलहाल ब्लास्ट वाले इलाके में किसानों के जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। गुरदासपुर से सटी पाकिस्तान सीमा पर सारा दिन सर्च अभियान के कारण किसी भी किसान को कंटीली तार के पार नहीं जाने दिया गया। बीएसएफ के सेक्टर गुरदासपुर के तहत आती विभिन्न बटालियनों के अधिकारियों की ओर से कंटीली तार के पार पकी गेहूं की फसल को देखने जाने वाले किसानों व मजदूरों की गहनता के साथ चेकिंग की जा रही है। बुधवार रात को कंटीली तार के पार भारत-पाक आईबी के पास तीन बम पाए जाने के कारण बीएसएफ और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि बीएसएफ जवानों के बयान पर पुलिस थाना दोरांगला में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। वहीं बीएसएफ के सूत्रों के अनुसार ये बम पाकिस्तान में बैठे देश विरोधी तत्वों ने लगाए थे। इसे लेकर विभिन्न टीमें बनाकर हर पहलु से मामले की जांच की जा रही है। उधर, बीएसएफ के अधिकारी इस मामले में ज्यादा जानकारी देने से इंकार कर रहे हैं।





# सम्राट विक्रमादित्य की यशोगाथा से परिचित होगी दिल्ली : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विक्रमादित्य की शोभा यात्रा और महानाट्य महामंचन का होगा आयोजन, प्रदर्शनी और फूड कोर्ट में दिखेगी प्रदेश की मनमोहक झलक**

भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 'विक्रमोत्सव 2025' के अंतर्गत देश और प्रदेश की सभी पीढ़ियों को सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र, विशेषकर उनके पराक्रम, शौर्य, दानशीलता, न्यायप्रियता और सुशासन से अवगत कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दिल्ली में 12 से 14 अप्रैल 2025 तक लाल किला मैदान के माधव दास पार्क में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का भव्य मंचन किया जाएगा। इसके पहले शुक्रवार 11 अप्रैल को दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किला तक सम्राट विक्रमादित्य की शोभा यात्रा निकाली जाएगी।महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित इस महानाट्य में प्रस्तुति उज्जैन की विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा दी जाएगी। महानाट्य का लेखन पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित और निर्देशन श्री संजीव मालवीय का है। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की गाथाएं लगभग 250 कलाकारों द्वारा प्रदर्शित की जाएंगी। महानाट्य के दृश्यों को सजीव बनाने के लिए पालकी, रथ, घोड़ों और एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार 'विरासत



शुक्रवार को चांदनी चौक से निकलेगी शोभा यात्रा

से विकास' के ध्येय वाक्य पर काम कर रही है। इसी क्रम में अतीत के गौरवशाली नायकों के जीवन के अलग-अलग पहलुओं को जनता के सामने लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विक्रम संवत के प्रवर्तक सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल भारतीय साहित्य, ज्योतिष, आयुर्वेद, गणित और चिकित्सा विज्ञान का स्वर्णिम युग भी रहा है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के माध्यम से जीवंत कर जनता के बीच प्रस्तुत किया जाएगा।कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा 'विक्रमादित्यकालीन मुद्रा और मुद्रांक' की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केंद्रित 'आर्ष भारत' प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 से अधिक ऋषियों के जीवन और योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा 'मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां' विषय पर और पर्यटन एवं उद्योग विभाग द्वारा भी प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल में फूडकोर्ट लगाया जाएगा। इसके माध्यम से दर्शक प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। फूडकोर्ट में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के पकवान- बघेलखंडी निमोना, मालवा की कॉर्न पेटिस और भुट्टे की कीस, इंदौरी पोहा और विंध्य की इंद्रहार-कढ़ी-भात उपलब्ध होंगे। प्रदेश के विशिष्ट पेय जैसे सन्नाटा, नींबू पुदीना, आम पना, सब्जा शिकंजी, गुलाब लस्सी, कुल्हड़ चाय, प्रसिद्ध मिष्ठान जैसे मावा बाटी, जलेबी और श्रीअन्न व्यंजन जैसे कोदो भात, कुटकी गुड खीर और सवां खीर भी मेनू में शामिल किए गए हैं।

## विविध-समाचार

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में एम.पी. ट्रांसको के नेटवर्क का उल्लेखनीय विस्तार

भोपाल ( निप्र)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने ट्रांसमिशन नेटवर्क (पारेषण प्रणाली) को सुदृढता प्रदान करते हुये सिस्टम में उल्लेखनीय विस्तार किया है। कंपनी ने 456 सर्किट कि.मी. की नई एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइनों का निर्माण कर उन्हें ऊर्जीकृत किया है, इससे मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की ट्रांसमिशन लाइनें बढ़कर 42 हजार 520 सर्किट कि.मी. की हो गई है। इस दरम्यान स्थापित ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी (स्थापित क्षमता) में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024 की समाप्ति में जहां 79 हजार 815 एम.व्ही.ए. की कुल ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी (स्थापित क्षमता) थी वह अब मार्च 2025 की स्थिति में बढ़कर 81 हजार 911 एम.व्ही.ए. की हो गई है। उन्होंने जानकारी दी कि इस वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त क्षमता वृद्धि के लिए एम.पी. ट्रांसको में कुल 46 नये पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किये गए हैं। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस समय एम.पी. ट्रांसकों अपने 417 एकस्ट्रा हाईटेंशन सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है, जिसमें 400 के.व्ही. के 14 सब स्टेशन, 220 के.व्ही. के 88 एवं 132 के.व्ही. के 315 सब स्टेशन क्रियाशील है।

### आगामी नेशनल लोक अदालत 10 मई के संबंध में प्री- सीटिंग बैठक का आयोजन किया गया

भोपाल (आरएनएस)। प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे एवं नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव एवं सचिव सुनीत अग्रवाल की उपस्थिति में बुधवार को आगामी नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 के सफल आयोजन के लिए न्यायालयों में लंबित क्लेम प्रकरणों के निराकरण के लिए बीमा कंपनी अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं क्लेमेंट अधिवक्तागण के साथ संबंधित न्यायाधीशगण एवं नोडल अधिकारीगण की उपस्थिति में प्री- सीटिंग बैठक का आयोजन किया गया।

### महापौर ने सेकण्ड स्टॉप स्थित जैन मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं झण्डावंदन भी किया

भोपाल (आरएनएस)।भगवान महावीर जयन्ती के अवसर पर महापौर मालती राय ने सेकण्ड स्टॉप स्थित श्री श्वेताम्बर जैन मंदिर में भगवान श्री महावीर जी की पूजा-अर्चना की एवं झण्डावंदन भी किया और उपस्थितजन को शुभकामनाएं भी दी। भगवान महावीर जयन्ती के अवसर पर गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष बृजुला सचान सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### महिला ने एक साथ 4 बच्चों को दिया जन्म,दो की हालत गंभीर

भोपाल (आरएनएस)।कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में बुधवार को एक चौंकाने वाला और दुर्लभ मामला सामने आया, जब एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया। इनमें दो बेटियां और दो बेटे शामिल हैं। यह अस्पताल के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब किसी महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया हो। इससे पहले, पिछले साल एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया था।डॉक्टरों के अनुसार, बच्चों का जन्म समय से पहले, यानी गर्भावस्था के सातवें महीने में ऑपरेशन के जरिए कराया गया। चारों नवजातों का वजन 800 ग्राम से 1 किलो के बीच है, जो सामान्य से काफी कम माना जाता है। फिलहाल सभी बच्चों को अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर है और उन्हें वॉर्मर पर रखा गया है।डॉक्टर के अनुसार एक साथ तीन बच्चों का जन्म अब आम होता जा रहा है, लेकिन चार बच्चों का जन्म एक दुर्लभ घटना है। महिला जब पहली बार जांच के लिए अस्पताल आई थी, तब सोनोग्राफी में चार भ्रूणों की पुष्टि हो चुकी थी।सातवें महीने में प्रसव पीड़ा शुरू होने पर महिला को तत्काल इमरजेंसी में भर्ती किया गया। इस प्रकार के मामलों में महिला और बच्चों दोनों की विशेष देखभाल जरूरी होती है।

## नैचुरल गैस कनेक्शन देने की प्लानिंग कर रोडमेप प्रस्तुत करें

**-आयुक्त खाद्य श्री शर्मा ने की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन की समीक्षा**

भोपाल (आरएनएस)। हितग्राहियों को पाइप्ड नैचुरल गैस कनेक्शन देने की प्लानिंग कर इसका रोडमेप विभाग को शीघ्र प्रस्तुत करें। आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने यह निर्देश सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की समीक्षा के दौरान दिये। प्रदेश में शहरी गैस वितरण नेटवर्क विकास एवं विस्तार नीति 2025 जारी की गई है। इन नीति के माध्यम से प्रदेश में जहां घर-घर गैस की पहुंच आसान होगी, वहीं वाहनों में स्वच्छ ईंधन भरने के लिये सीएनजी गैस स्टेशन का विस्तार होगा। नीति लागू होने से स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार होने के साथ ही पर्यावरण की रक्षा भी हो सकेगी। इस नीति से प्रदेश में बड़े पैमाने पर अधोसंरचना का निर्माण होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। शहरी गैस वितरण संस्थाओं के लिये सिंगल विंडो सिस्टम से अनुमति देने का प्रावधान किया गया है। समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में अब तक 3 लाख 17 हजार घरों में पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। इसी तरह 368 सीएनजी स्टेशन स्थापित किये गये हैं। आयुक्त खाद्य श्री शर्मा ने इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन के प्रवेश द्वार क्रमांक- 1 और 2 के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास और गेती चलाकर शुभारंभ किया।

### निमाड़ क्षेत्र का पहला 500 एम.व्ही.ए. क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

भोपाल (आरएनएस)।मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 400 केवी सबस्टेशन जुलवानिया में निमाड़ क्षेत्र का पहला और प्रदेश का तीसरा 500 एम.व्ही.ए. क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इसके पहले मध्यप्रदेश में सिर्फ भोपाल में 500 एम.व्ही.ए. क्षमता के दो ट्रांसफार्मर स्थापित हुए हैं।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि खंडवा स्थित सिंगाजी सुपर थर्मल पॉवर प्लांट से निमाड़ क्षेत्र को सीधे विद्युत आपूर्ति के लिए 400 केवी सबस्टेशन जुलवानिया में इस ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि लगभग 30 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से इस ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है।

## भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत ही मानवता के मार्गदर्शक : सबनानी



भोपाल(निप्र)। महावीर जयंती पर भगवान का जन्म कल्याणक श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया गया। चौक बाजार से दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के नेतृत्व में भगवान की भव्य शोभायात्रा चौक जैन मंदिर से निकली गई जो सुभाष चौक लखेरापुरा जनकपुरी इतवारा बुधवारा एवं मंगलवार से होते हुए श्री जी के मंदिर पहुंची, शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी विशेष रूप से उपस्थित रहे, और उन्होंने रथ यात्रा में भगवान के रथ का सारथी बन यात्रा के साथ चले, कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जैन समुदाय के बंधु उपस्थित रहे, पंचायत कमेटी के अध्यक्ष मनोज जैन वागा उपाध्यक्ष आलोक जैन पंचरत्न पूर्व अध्यक्ष प्रमोद जैन हिमांशु राकेश जैन अनुपम अमित जैन कड़ियां संजय जैन मुगावली विशेष रूप से उपस्थित रहे, भव्य रथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया, अपने जन प्रतिनिधि को भगवान के रथ का सारथी बना देख उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की, ढोल धमाकों की ताल पर नाचते गाते सभी के साथ सबनानी भी भगवान की भक्ति में लीन दिखे, इस अवसर पर सबनानी ने भगवान महावीर स्वामी की आरती उतारी एवं सभी को भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर अपनी शुभकामनाएं दी,साथ ही भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों पर चलना आज की आवश्यकता बताया आज पूरे विश्व में शांति की स्थापना के लिए भगवान महावीर के दिखाए गये मार्ग पर चलना ही पड़ेगा और उनके सिद्धांतों से ही विश्व में शांति की स्थापना हो सकती है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी भगवान महावीर स्वामी के दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया है। शोभा यात्रा बड़े ही पारंपरिक हर्सोल्लास एवं धूमधाम से निकल गई।

## शिवाजी नगर हॉकर्स कॉर्नर में प्रशिक्षण तथा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट फूड वेंडर्स को स्वच्छ परिस्थितियों में गुणवत्तापूर्ण भोजन का निर्माण से संबंधित प्रावधानों की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि गुरुवार को शिवाजी नगर स्थित हॉकर्स कार्नर में खाद्य कारोबारकर्ताओं को मोनो सोडियम ग्लूटामेट (व्यवसायिक नाम अजीनोमोटो), विनेगर, कृत्रिम फ्लेवर्स एवं कृत्रिम रंगों का उपयोग सीमित तथा निर्धारित सीमा के भीतर करने, समोसे कचौड़ी तलने के लिये तेल का तीन बार से अधिक उपयोग नहीं करने, स्वच्छ कपड़े (ग्लव्स्, एप्रिन) का उपयोग करने आदि निर्देश दिए गए। कलेक्टर भोपाल के निर्देशानुसार कॉलेज, विद्यालयों में भी खाद्य सुरक्षा संबंधी जागरूकता के लिए प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जाना है।

## मंत्री श्री सारंग ने करोंद मेट्रो निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने एवं नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

चार माह में पियर्स निर्माण पूर्ण कर हटाए जाएंगे बैरिकेड्स



भोपाल (आरएनएस)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने करोंद चौराहे पर मेट्रो निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे रूट का दौरा कर व्यापारियों सहित आम नागरिकों से बात की। निरीक्षण में मंत्री श्री सारंग ने उपस्थित अधिकारियों को निश्चित समयावधि में गुणवत्तायुक्त कार्य करने के साथ ही रहवासियों की समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेट्रो परियोजना के साथ करोंद चौराहे पर यातायात एवं नागरिकों के आवागमन में कोई व्यवधान नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाये।

### मेट्रो परियोजना के साथ यातायात सुगम बनाने के लिये अधिकारियों को दिये निर्देश

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने मंत्री श्री सारंग को अवगत कराया कि पियर्स निर्माण के चलते की गई बैरिकेडिंग से आवागमन में कठिनाई हो रही है। साथ ही करोंद चौराहे पर ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव रहने के कारण दिन के समय जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।मंत्री श्री सारंग ने करोंद चौराहे से हाउसिंग बोर्ड तक लगाई गई बैरिकेडिंग के पास सड़क के बाएं ओर बने डक्ट को हटाने के निर्देश दिए, जिससे अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध हो सके और ट्रैफिक दबाव कम हो। साथ ही पथ विक्रेताओं को व्यवस्थित ढंग से अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये गए।

### 4 माह में पियर्स का काम होते ही हटेंगे बैरिकेड्स

मेट्रो अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि करोंद चौराहे से निशातपुरा फाटक तक कुल 70 पियर्स का प्रस्तावित निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे आगामी 4 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। मंत्री श्री सारंग ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा, निर्धारित समय सीमा में पियर्स निर्माण कार्य पूर्ण कर बैरिकेड्स हटाए जाएं, जिससे नागरिकों को राहत मिल सके। सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए और मेट्रो कॉर्पोरेशन निर्माण कार्य की एक स्पष्ट टाईम लाइन एवं कैलेंडर तैयार करे।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मेट्रो रेल परियोजना, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस एवं जिला प्रशासन के प्रतिनिधि शामिल थे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 15.33 लाख किसानों ने कराया पंजीयन : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन की प्रक्रिया 20 जनवरी से 9 अप्रैल 2025 तक संचालित की गई। इस अवधि में प्रदेश के 15 लाख 33 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया।खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि उपार्जन की अवधि 15 मार्च से 5 मई 2025 तक निर्धारित है। किसानों को गेहूं के लिए 2,425 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ 175 प्रति क्विंटल बोनस, कुल 2,600 प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा रहा है।खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में 3,528 उपार्जन केंद्रों की स्थापना की गई है। अब तक कुल 3.09 लाख किसानों से 26.73 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है।

इसमें से 24.44 लाख मीट्रिक टन का परिवहन तथा 21.86 लाख मीट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अब तक किसानों को 5,027 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। शेष भुगतान 3 से 5 कार्य दिवसों में पूर्ण कर लिया जाएगा। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को समय पर उचित मूल्य और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। उपार्जन प्रक्रिया को सरल, व्यवस्थित और किसान हितैषी बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

## छत से कूदकर महिला ने किया सुसाइड

भोपाल(आरएनएस)।ईटखेड़ी इलाके में महिला ने अपने घर की छत से छलांग लगा दी। तीन साल पहले उसने लव मैरिज की थी। कुछ ही समय बाद पति से अलग हो गई थी। इस वजह से डिप्रेशन में रहने लगी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार रात की है, गुरुवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।ईटखेड़ी थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने बताया कि 33 वर्षीय रानी सिकरवार पति रवि गौर ईटखेड़ी इलाके के एक गांव में रहती थी। बुधवार की रात करीब 2 बजे उसके छत से गिरने की सूचना मिली थी। इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां पर उसकी मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।शुरुआती जांच में पता चला है कि रानी की लव मैरिज हुई थी, बाद में वह अपने पति से अलग होकर मायके में रहने लगी थी। मायके में रहने के दौरान ही उसकी एक युवक से दोस्ती हो गई थी। बुधवार की रात उसकी बहनों ने देखा तो वह बिस्तर में नहीं थीं।

बहनें उसकी तलाश करते हुए छत पर पहुंची तो वहां पर उन्होंने देखा कि रानी किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रही है।

## बीजेपी का दलित विरोधी चेहरा एक बार फिर बेनकाब : संविधान और सामाजिक न्याय पर हमला अस्वीकार्य : जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)।मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राजस्थान के अलवर में हुई शर्मनाक घटना पर बीजेपी को आड़े हाथों लिया है। यह घटना, जिसमें बीजेपी नेता और पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने दलित नेता टीकाराम जूली के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर को गंगाजल से शुद्ध किया, यह बीजेपी की संकीर्ण, जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है। पटवारी ने इस कृत्य को न सिर्फ एक व्यक्ति के सम्मान पर हमला करार दिया, बल्कि इसे पूरे दलित समाज, बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान और सामाजिक समानता की भावना के खिलाफ षड्यंत्र बताया।



पटवारी ने कहा, रामनवमी के पावन अवसर पर अलवर की एक सोसायटी में स्थित श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ था। इस समारोह में राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और दलित समाज के गौरवशाली नेता टीकाराम जूली ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। लेकिन अगले ही दिन बीजेपी नेता ज्ञानदेव आहूजा ने इस पवित्र कार्य को 'अपवित्रता' करार देते हुए मंदिर में गंगाजल छिड़ककर उसे शुद्ध करने का दावा किया। यह बीजेपी का असली चेहरा है। यह पार्टी दलितों को मंदिर में पूजा करने का अधिकार भी नहीं देना चाहती। यह कृत्य सिर्फ टीकाराम जूली का अपमान नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज की आस्था और गरिमा पर हमला है।

उन्होंने आगे कहा, ज्ञानदेव आहूजा ने सफाई देने की कोशिश की कि लेकिन अब बीजेपी के नेताओं का कोई भी कुतर्क या कोई भी बहाना किसी को मूर्ख नहीं बना सकता। सच्चाई यह है कि यह घटना एक दलित नेता के मंदिर में प्रवेश से जुड़ी थी, और बीजेपी की जातिवादी सोच ने इसे बर्दाश्त नहीं किया।

## माहुलझिर थाना अंतर्गत हत्या के आरोपी को हुई आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**–छिन्दवाड़ा के माहुलझिर थाना अंतर्गत हत्या के आरोपी को हुई आजीवन कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया गया ।**

छिंदवाड़ा(आरएनएस)। 22 फरवरी 2024 को विनोद सल्लाम और टोरा उर्फ अरविन्द उइके का डैम के किनारे आपस मे झगड़ा हो गया । कुछ देर बाद विनोद सल्लाम अपने काले रंग के ट्यूब पर बैठकर डेम के पानी मे उतर गया और बीच गहरे पानी मे पहुंचा ही था कि किनारे पर खड़ा अरविंद उइके तैरकर विनोद के पास पहुंचा और ट्यूब पर बैठे विनोद सल्लाम को ट्यूब पलटाकर पानी मे गिरा दिया और उसके पैर पकड़कर पानी से बाहर ऊपर कर दिया जिससे विनोद पानी मे डूब गया और विनोद की डूबने से मृत्यु हो गयी । जिसकी सूचना सूचनाकर्ता ममला बाई उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम चाखला द्वारा दी गयी थी । घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा पूछताछ कर अपराध क्र.12/24 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया ।

माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन की प्रकरण में कुल 11 गवाहों के कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोपी अरविंद उर्फ टोरा पिता देहलन उइके उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चाखला को धारा 302 भा.द.वि. के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को दिनांक 09/04/2025 को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव महेंद्र मांगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 21/2024 में निर्णय पारित करते हुए आजीवन कारावास एवं ?5000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय दिया गया।

मध्यप्रदेश राज्य की ओर से प्रकरण में पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई तथा प्रकरण की संपूर्ण विवेचना कार्यवाही थाना प्रभारी माहुलझिर उपनिरी. रविन्द्र पवार द्वारा की गई हैं । पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा द्वारा विवेचना कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी उप निरीक्षक रविंद्र पवार को पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई ।

## दर्दनाक सड़क हादसे में चार की मौतः नहर के पुल से नीचे गिरी तेज रफ्तार कार, दो की हालत गंभीर

जबलपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के जबलपुर से भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। यहां तेज रफ्तार एक कार पुल से नीचे जा गिरी जिसमें मौके पर ही चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हुए हैं। जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और जांच शुरू की।

मामला चरगंवा थाना क्षेत्र का है। जहां सोमती नहर के पुल पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गोटेगांव से जबलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार कार पुल से नीचे जा गिरी। घटना में चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें गंभीर हालत में मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया।


घटना स्थल पर मौजूद लोगों की माने तो हादसे के समय गाड़ी की रफ्तार काफी थी। जिसके कारण गाड़ी ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही।

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने देखा माण्डू का पुरातात्विक वैभव

## धरमपुरी पहुंचकर माँ नर्मदा के किये दर्शन, भगवान शिव का अभिषेक और महर्षि दधिच की प्रतिमा का पूजन किया

इन्दौर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को रात्रि विश्राम माण्डू में किया। आज गुरूवार की प्रातः उन्होंने रुचिपूर्वक माण्डू के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक वैभव को देखा। मुख्यमंत्री जी ने यहां जहाज महल, हिंडोला महल का भ्रमण किया।पुरातत्व विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें इन ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री जी ने गत रात्रि माण्डू में लाइट एंड साउंड शो के ज़रिए यहां के इतिहास को देखा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, विधायक धरमपुरी कालूसिंह ठाकुर तथा अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

***मुख्यमंत्री ने देखा खुरासानी इमली का प्राचीन पेड़***



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज माण्डू भ्रमण के दौरान यहां पीडब्ल्यूडी के खुरासानी कोठी परिसर में लगे खुरासानी इमली के प्राचीन पेड़ को देखा। कलेक्टर धार प्रियंक मिश्र ने बताया कि माण्डू में खुरासानी के वृक्ष पाए जाते हैं, जिनमें से कुछ 500 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। खुरासानी कोठी परिसर के इस वृक्ष का तना 10.85 मीटर व्यास का है। खुरासानी इमली घना छायादार पेड़ होता है। यह पेड़ अपने भीतर सवा लाख लीटर पानी जमा करके रख सकता है। उल्लेखनीय है कि 14वीं शताब्दी में ये पेड़ लगाए गए थे। कई पेड़ यहां पांच-छः सौ साल पुराने हैं।पर्यटक माण्डू आने की स्मृति के तौर पर माण्डू की इमली खरीदकर ले जाते हैं। कई आदिवासी परिवारों को इसे बेचने से आय हो रही है।मूलतः यह वृक्ष अफ्रीका, अरब और मेडागास्कर पर पाया जाता है। ये पेड़ अति विशाल हैं, इसकी उम्र हज़ारों साल होती हैं। मराठीभाषी क्षेत्रों में इसे गोरखचिंच (चिंच याने इमली) कहकर सन्त गोरखनाथ से इसका पवित्र सम्बन्ध जोड़ा जाता है।

***धरमपुरी में किया नर्मदा पूजन***

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनप्रतिनिधियों के साथ धरमपुरी भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने धरमपुरी में नर्मदा दर्शन कर पूजन किया। धरमपुरी नर्मदा नदी के किनारे बसा हुआ नगर है। यहाँ नर्मदा नदी की दो धाराओं के बीच बेंट नामक एक टापू स्थित है, जहां श्री बिल्वामृतेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर स्थित है। मुख्यमंत्री ने यहां भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिर के निकट महर्षि दधिच की प्रतिमा का पूजन किया। उल्लेखनीय है कि पौराणिक मान्यता अनुसार यहां दधिच ऋषि की समाधि एवं तपस्या स्थली भी है। इसी स्थान पर इन्द्र स्वयं आये थे और दधिचि ऋषि से उन्होंने राक्षस के वध के लिये अस्थियां माँगी थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री बिल्वामृतेश्वर महादेव मंदिर बैंट के हर तरह के संरक्षण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके पश्चात वे वापस माण्डू हेलीपेड आये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माण्डू हेलीपेड से बदनावर के लिए रवाना हुए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, विधायक कालूसिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

## बेटी ने पड़ोसी युवक के साथ किया ऐसा काम, पिता ने मौत को लगाया गले, नाराज मृतक के परिजनों ने लड़के के घरवालों को पीटा



ग्वालियर(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक पिता ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक की बेटी ने पड़ोसी युवक जो दूसरे समाज से था, उसके साथ शादी रचा ली थी। इससे नाराज होकर पिता ने यह खौफनाक कदम उठाया। वहीं नाराज मृतक के परिजनों ने लड़के के घरवालों की पिटाई कर दी। जिससे इलाके में तनाव जैसी स्थिति बन गई। फिलहाल पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद है। यह पूरी घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, नाका चंद्रबदनी इलाके में ऋषिराज उर्फ संजू जायसवाल ने बीती देर रात अपने घर मे लाइसेंसी रायफल से खुद को गोली मार ली। संजू की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही झांसी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची।स्क कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि ऋषिराज की बेटी हर्षिता 15 दिन पहले पड़ोस में रहने वाले एक युवक आनंद प्रजापति के साथ लापता हो गई थी। परिजनों ने झांसी रोड़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी, पुलिस ने बेटी हर्षिता को इंदौर से बरामद किया था, उसने पड़ोसी युवक आनंद प्रजापति से शादी कर ली थी।

पुलिस ने हर्षिता को उसके पिता और घरवालों के हवाले कर दिया। परिजनों ने हर्षिता को उसके मामा के घर भेज दिया था। इस बीच आनंद ने कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका लगा दी। तीन दिन पहले कोर्ट में सुनवाई हुई तो ऋषिराज की बेटी हर्षिता ने कोर्ट में अपने पति के पक्ष में बयान दिए और उसी के साथ चली गई थी। इस घटना से ऋषिराज कल से दुखी थे। बीती रात खाना खाने के बाद कमरे में गए और फायर कर लिया।

फिलहाल फोरेंसिक एक्सपर्ट की शुरुआती जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। ऋषि राज की खुदकुशी के बाद उसके परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। ऋषि राज के परिजन आनंद के घर पहुंचे और वहां उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट की इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। फिलहाल झांसी रोड थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## होमगार्ड को कॉल ऑफदेने मामले में हाईकोर्ट ने रखा फैसला सुरक्षितः इस व्यवस्था को सवैधानिक घोषित करने की मांग

जबलपुर (आरएनएस)। होमगार्ड (नगर सैनिक) को कॉल ऑफ देने मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। होमगार्ड के 10 हजार से ज्यादा सैनिकों को दो माह का कॉल ऑफ देने को लेकर सुनवाई हुई है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है।

बता दें कि होमगार्ड जवानों के कॉल ऑफ को लेकर 490 याचिकाएं लंबित थी। हाईकोर्ट में लगातार 5 दिनों तक मामले में सुनवाई हुई है। कॉल ऑफ की व्यवस्था को और संवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। पहले 2 साल में 3 महीने का कॉल ऑफ दिया जाता था। जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच में सुनवाई हुई है। कॉल ऑफ का मतलब है कि होमगार्ड जवानों को कुछ समय के लिए ड्यूटी से हटा दिया जाता है, लेकिन वे अपनी नौकरी से नहीं निकाले जाते हैं।

## कार पलटने से दो महिलाओं की मौतः घायल बाप- बेटे मेडिकल कॉलेज में भर्ती, दोनों मृतक एक ही परिवार के




जबलपुर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने से रोज रोज सड़क हादसे हो रहे हैं। ताजा मामला जबलपुर जिले का है जहां सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई और बाप-बेटे घायल है। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल घटना कटंगी थाना अंतर्गत कटंगी बायपास के समीप की है जहां तेर रफ्तार कार अचानक पलट गई। कार पलटने से दो महिलाओं रानी माली और शारदा माली की मौत हो गई है। दोनों मृत महिलाएं एक ही परिवार से थी। हादसे में बाप बेटे भी बुरी तरह से घायल हुए है। घायल बाप बेटे को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में सवार सभी लोग रिश्तेदारी में पनागर जा रहे थे, तभी हादसे के शिकार हो गए। मृतक और घायलों का परिवार तिलवारा थाना अंतर्गत धनवंती नगर इलाके में रहता है। पुलिस ने मामला कायम कर घटना की विवेचना शुरू कर दी है।

## व्यापार समाचार

## पासपोर्ट में जीवनसाथी का नाम जुड़वाना हुआ आसान, मैरिज सर्टिफिकेट समेत इन डाक्यूमेंटस की अब नहीं पड़ेगी जरूरत




नई दिल्ली(ए)- पासपोर्ट में जीवनसाथी का नाम जुडवाना अब और भी आसान हो गया है। इसके लिए पहले शादी के रजिस्ट्रेशन व मैरिज सर्टिफिकेट की जरूरत होती थी, लेकिन अब इसके बिना ही आप जीवनसाथी का नाम पासपोर्ट में जुड़वा सकेंगे।विदेश मंत्रालय की तरफ से एनेक्सर जे का विकल्प दिया गया है। अब आप एनेक्सर जे पर जाकर शादी की अपनी तस्वीर या फिर कोई अन्य जॉइंट फोटो दोनों के साथ के अपलोड कर देंगे। इसे ही प्रमाण पत्र के तौर पर मान लिया जाएगा। आमतौर पर शादियों का पंजीकरण कराना एक जटिल प्रक्रिया है और लोग इससे बचने के लिए सालों तक इसे लटकाए रहते हैं। फिर कभी किसी नौकरी में ट्रांसफर या फिर पासपोर्ट आदि के लिए जरूरत होती है तो उन्हें परेशानी का सामना करना होता है। अब पासपोर्ट में पति या पत्नी का नाम जुड़वाने में आने वाली परेशानी को तो विदेश मंत्रालय ने पूरी तरह से दूर कर दिया है।

यहां बताना होगा कि वे मैरिड कपल के तौर पर साथ हैं। इसके अलावा आवेदक को यह बताना होगा कि उसके पति या पत्नी का नाम शामिल करते हुए ही पासपोर्ट जारी किया जाए। एनेक्सर जे में जो विकल्प दिया गया है, उसके तहत जॉइंट फोटोग्राफ के साथ साइन करने होंगे। इसके अलावा अपना स्थान और साइन करने की तारीख भी लिखनी होगी और अपने नाम, आधार कांड नंबर, वोट आईडी नंबर और पासपोर्ट नंबर आदि का भी जिक्र करना होगा।

## EPFO कर्मचारियों के लिए वरदान बनी ये एप, जानिए क्या-क्या कर सकेंगे

नई दिल्ल (ए)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने बुधवार को कहा कि उसके सदस्य अब उमंग मोबाइल ऐप के जरिए आधार फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) का उपयोग करके अपना यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) जनरेट और एक्टिव कर सकते हैं।इस संपर्क रहित और सुरक्षित सर्विस से ईपीएफओ के करोड़ों लोगों को राहत मिलेगी। इससे पहले यूएएन को मुख्यतः नियोक्ताओं द्वारा ईपीएफओ को प्रस्तुत कर्मचारी डेटा का उपयोग करके जनरेट किया जाता था। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार,आधार डिटेल्स को सत्यापित किया गया है, लेकिन पिता का नाम, मोबाइल नंबर या जन्मतिथि जैसी जानकारियों में गलतियां आम थीं। इन गलतियों को अकसर क्लेम प्रोसेस के दौरान या अन्य ईपीएफओ सेवाओं का उपयोग करते समय सुधार की आवश्यकता होती है। अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में आवंटित 1.26 करोड़ यूएएन में से केवल 44.68 लाख (35.30 प्रतिशत) ही सदस्यों द्वारा सक्रिय किए गए।

## भारत और यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत जारी, सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए उठाए कदम



नई दिल्ली (ए)- दुनिया में बदलते वर्ल्ड ट्रेड ऑर्डर के बीच, भारत और यूके ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है। यह जानकारी लंदन में आयोजित '13वें इकोनॉमिक एंड फाइनेंशियल डायलॉग' में दी गई, जिसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स ने की।

इवेंट के बाद जारी किए गए साझा बयान में कहा गया कि ब्रिटिश पक्ष को अपनी आगामी औद्योगिक रणनीति के बारे में जानकारी देने में खुशी हुई, जिसके तहत यह साझेदारी औद्योगिक रणनीति के प्राथमिकता वाले विकास को बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों, जैसे उन्नत विनिर्माण और लाइफ साइंस, को सपोर्ट कर सकती है, जहां ब्रिटिश विशेषज्ञता और रिसर्च क्षमता भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने में मदद कर सकती है। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा, पेशेवर और व्यावसायिक सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, क्रिएटिव उद्योगों और रक्षा में नौकरियों और आर्थिक विकास को समर्थन दे सकती है।

दोनों पक्ष औद्योगिक क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सप्लाई चेन को सपोर्ट करने के लिए 'भारत-ब्रिटेन रक्षा औद्योगिक रोडमैप' पर हस्ताक्षर करने पर विचार कर रहे हैं। भारत और यूके ने हाल के वर्षों में हुए फाइनेंशियल सर्विसेज ट्रेड का स्वागत किया, इसे और आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

संयुक्त बयान के अनुसार, 卐दिसंबर 2024 में भारत की गिफ्ट सिटी आईएफएससी में आयोजित फाइनेंशियल मार्केट्स डायलॉग (एफएमडी) ने बैंकिंग, इंश्योरेंस, पेंशन, कैपिटल मार्केट्स और सस्टेनेबल फाइनेंस में हमारे सहयोग को गहरा करने का अवसर प्रदान किया और हमारी टीमें इस वर्ष के अंत में लंदन में अगले एफएमडी के लिए मिलेंगी।卐 इस डायलॉग में भारतीय रुपये के अंतरराष्ट्रीकरण पर भी चर्चा की गई। इससे रुपये को एक अंतरराष्ट्रीय करेंसी के रूप में विकसित होने में भी मदद मिलेगी।

## अब टेलीकॉम कंपनियों की वेबसाइट पर नेटवर्क कवरेज मैप देख सकेंगे मोबाइल यूजर्स, TRAI ने जारी किए निर्देश

नई दिल्ली (ए)- टेलीकॉम सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ाने और यूजर्स को सशक्त बनाने के लिए ट्राई की ओर से दिए गए आदेश के बाद, टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) ने अपनी वेबसाइट पर टेलीकॉम कवरेज मैप पब्लिश कर दिए हैं। कवरेज मैप स्टैंडर्ड कलर स्कीम के साथ आसान पहुंच और नेविगेशन के लिए विभिन्न यूजर्स फ्रेंडली सुविधाएं प्रदान करते हैं।यह संबंधित टेलीकॉम कंपनी द्वारा उनके क्षेत्र में प्रदान की जाने वाली 2जी, 3जी, 4जी या 5जी के कवरेज को देखने का विकल्प भी प्रदान करता है। संचार मंत्रालय के अनुसार, यूजर्स अपनी मौजूदा लोकेशन को नेविगेट करने के लिए अपने डिवाइस पर सर्च विकल्प या लोकेशन इनेबल कर सकते हैं। टॉगल स्विच या टेक्नोलॉजी सिलेक्शन बटन का उपयोग अपनी रुचि की टेक्नोलॉजी (3जी, 4जी या 5जी) के कवरेज मैप को देखा जा सकता है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सभी टेलीकॉम कंपनियों (वायरलेस) के लिए नेटवर्क कवरेज मैप को अपनी वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराना अनिवार्य कर दिया है, जिससे यूजर्स को नेटवर्क कवरेज के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी।

## वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2025 में भारत का निर्यात रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर



नई दिल्ली (ए)। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का माल और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उभरते व्यापार परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री (सीआईएम) पीयूष गोयल द्वारा निर्यात संवर्धन परिषदों और उद्योग निकायों के साथ आयोजित बैठक में ये आंकड़े सामने आए।केंद्रीय मंत्री ने लाल सागर संकट, खाड़ी क्षेत्र में इजरायल-हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन संघर्ष के लगातार बने रहने और कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में धीमी वृद्धि सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद निर्यात में सर्वकालिक उच्च उपलब्धि के लिए निर्यातकों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने निर्यातकों की उनके प्रयासों की सराहना की।बैठक के दौरान, सीआईएम गोयल ने निर्यातकों को पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए अमेरिका के साथ चल रही चर्चाओं के बारे में भी जानकारी दी। वार्ता की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की, जो फरवरी 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक में बीटीए पर सहमत होने वाले पहले वैश्विक नेताओं में से एक थे।केंद्रीय मंत्री ने निर्यातकों को आश्वासन दिया कि सरकार वैश्विक व्यापार वातावरण में हाल के बदलावों को सफलतापूर्वक नेविगेट करने में सक्षम बनाने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए काम करेगी।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# भारत-चीन रिश्तों में सुधार के संकेत

आजकल कूटनीतिक जगत में भारत-चीन संबंधों में सुधार को लेकर काफी चर्चा है। 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में हुए घटनाक्रम के बाद पिछले वर्ष अक्टूबर में रूस में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी।इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं ने सीमा पर तनाव कम करने और द्विपक्षीय संबंधों को पटरी पर लाने का प्रयास किया था। विवाद के कुछ क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी जरूर हुई लेकिन अन्य मामलों में प्रगति नहीं हुई। इधर, अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद दुनिया में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के फैसलों से अमेरिका की घरेलू राजनीति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नक्शा बदल रहा है। अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच तनातनी बढ़ रही है तो दूसरी ओर राष्ट्रपति ट्रंप और राष्ट्रपति पुतिन के बीच जुगलबंदी आकार ले रही है। इस बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत और चीन ने कुछ लचीला रुख अपनाया है जिससे आशा बंधती है कि द्विपक्षीय संबंध पटरी पर आ सकते हैं। एक अप्रैल, 1950 को दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध हुआ था। नई दिल्ली और बीजिंग के कूटनीतिक रिश्तों के 75 वर्ष पूरे होने पर दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच शुभकामनाओं और पारस्परिक रिश्तों को और बेहतर बनाने के संदेशों का आदान-प्रदान हुआ। राष्ट्रपति जिनपिंग ने भारतीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुमरु को प्रेषित अपने संदेश में दोनों देशों के रिश्तों के द्योतक ड्रैगन और हाथी के बीच बेहतर तालमेल बनाने की बात की जबकि राष्ट्रपति मुमरु ने कहा कि भारत और चीन के बीच स्थाई, स्थिर और सौहार्दपूर्ण संबंध का फायदा नई दिल्ली और बीजिंग के अलावा पूरी दुनिया को मिलेगा। वैश्विक मामलों के जानकार किशोर मेहबुबानी का विश्वास है कि अतीत की तरह दोनों देशों के सामने फिर से दुनिया का सिरमौर बनने का अवसर है। लेकिन दोनों ने आपसी संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया तो वे यह अवसर गंवा सकते हैं। वास्तव में यह दावा तो कोई नहीं कर सकता कि हाल-फिलहाल भारत और चीन की समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाएगा लेकिन दोनों देश जिस रास्ते पर चल रहे हैं, उससे यह आशा जरूर बंधती है कि भविष्य में सैन्य संघर्ष की स्थिति नहीं बनेगी।

# शराबबंदी मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति बड़ी मिसाल

**ओपी सांस्कृत्यायन**

***सार्वजनिक जीवन में नैतिक शुचिता और पारदर्शिता बड़ी दरकार है। इस मूल्यबोध की समझ दुनिया में चाहे जब बनी-बिगड़ी हो भारत में राष्ट्रीय आंदोलन के दिनों से इसे महत्त्व मिला। महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वाधीनता आंदोलन की तो कसौटी ही यह रही कि इसने अहिंसक मूल्य-निष्ठा को सर्वोपरि माना। 1917 में गांधी जब चंपारण में नील किसानों पर जुल्म के खिलाफ सत्याग्रह की सैद्धांतिकी का जमीनी परीक्षण कर रहे थे, तब उन्होंने कहा था कि बिहार की धरती पर उन्हें अहिंसा देवी के दर्शन हुए। दर्शन का यह बोध जहां आगे चल कर उनके नेतृत्व में चले स्वाधीनता संघर्ष में दिखा वहीं सेवा से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भी उन्होंने एक गंभीर तकाजे को देश-समाज के सामने रखा।***

दुर्भाग्य रहा देश का कि आजादी के करीब आते-आते ये सारे बोध और तकाजे कमजोर पड़ते गए। आजाद भारत में अहिंसक मूल्य-निष्ठा की आखिरी गूंज बिहार आंदोलन के दौरान सुनाई पड़ी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में आरंभ हुए आंदोलन की नाटकीय राजनीतिक परिणिति की चर्चा आज खूब होती है, पर ज्यादा जरूरी है यह समझना कि इस आंदोलन की वैचारिकी जेपी ने क्या तय की थी। कांग्रेस की समाजवादी धारा के पुरोधा रहे जेपी के मन में गांधी को लेकर असंदिग्ध आस्था थी। इसलिए जब संपूर्ण क्रांति की अलख के साथ वे सड़कों पर उतरे तो उन्होंने अपने साथ चल रही जमात के सामने अहिंसक मूल्य-निष्ठा की कसौटी सबसे पहले रखी।

यह और बात है कि आपातकाल की घोषणा के बाद संपूर्ण क्रांति सीधे-सीधे लोकतंत्र और संविधान को बचाने की फौरी लड़ाई के रूप में तब्दील हुई और देश में प्रचलित राजनीतिक संस्कृति में बदलाव की मुराद दम तोड़ गई। इतिहास का यह भी दिलचस्प चक्र है कि आज बिहार सत्ता और राजनीति में ऐसे ही कुछ अहिंसक मूल्यों को लेकर फिर से चर्चा में



है। बिहार में शराबबंदी के नौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। राज्य में शराबबंदी का फैसला ऐसा है, जो राजनीतिक नफा-नुकसान को छोड़कर इस निर्णय को लेने के नीतीश कुमार के नैतिक साहस को तारीखी अहमियत देता है।

यह अहमियत तब ज्यादा समझ में आती है जब हम देखते हैं कि एक तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद पर बैठा व्यक्ति शराब घोटाले में जेल की हवा खाता है, तो वहीं अपने राज्य में शराबबंदी का फैसला लेने वाला राजनेता नौ साल बाद भी अपनी नैतिकता पर कायम है। गांधी की वैचारिक चेतना और दृष्टि में मद्य निषेध को लेकर एक गंभीर आग्रह रहा है। आज आजादी के इतने समय बाद इस तरह के किसी नैतिक जोर या संकल्प की बात बेमानी लगती है। खास तौर पर बीते कुछ दशकों में समय और समाज ने जिस जीवन-दृष्टि को तेजी से अंगीकार किया है, उसमें न तो निजी और न ही सार्वजनिक जीवन में किसी नैतिक दरकार के लिए जगह छोड़ी है। सभ्यता और संस्कृति के इतिहास में यह एक ऐसा दौर है, जिसके नैतिक पराभव ने मनुष्य को विश्व युद्ध के बाद एक नई अधोगति तब पहुंचा दिया है।

बहरहाल, बात अकेले शराबबंदी की करें तो इस फैसले का नैतिक के साथ सामाजिक आधार काफी बड़ा है। बिहार में नीतीश कुमार के इस बड़े फैसले की नींव उस संवाद से पड़ी जब वे जीविका दीदियों से बात कर रहे थे। नीतीश भारतीय राजनीति में उस समाजवादी परंपरा से आते हैं, जिसने अपने वैचारिक तेज को जहां सामाजिक-राजनीतिक स्तर पर नई वैचारिकी में ढाला, वहीं गांधी के अहिंसावादी विचारबोध को भी समान रूप से अपनाया। शराबबंदी लागू करने के उनके फैसले को इस लिहाज से देखें-समझें तो इसका सिरा सीधे समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार से जुड़ता है। बिहार ने देश और दुनिया के आगे सुशासन का वह मॉडल रखा है, जिसमें महिलाएं न सिर्फ आत्मविश्वास से भरी हैं, बल्कि शिक्षा और स्वावलंबन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं। शराबबंदी का फैसला इस बदलाव के रकबे को और बढ़ा देता है। गौरतलब है कि नीतीश सरकार ने बिहार में शराबबंदी का फैसला अप्रैल, 2016 में जरूर लिया पर इससे पहले महिला सशक्तीकरण के लिहाज से कई बड़े फैसले ले चुके थे। 2006 में बिहार में पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। तब ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य था। 2006 में ही बिहार सरकार ने प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

इसी तरह 2007 से नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिला। 2013 से बिहार पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रदेश में महिलाओं के बीच बहाल हुए आत्मविश्वास का नतीजा है कि बिहार आज सबसे ज्यादा 10.81 लाख स्वयंसहायता समूह बना कर देश में पहले स्थान पर है। इससे 1.35 करोड़ से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। बिहार में नौ वर्षो से लागू शराबबंदी की सफलता के नैतिक और सामाजिक मूल्यांकन करते हुए जान लेना जरूरी है कि इस फैसले के प्रशासनिक पेचोखम भी कम नहीं हैं। इसलिए चुनावी मौसम में इस फैसले को हटाने तक की अनैतिक पराकाष्ठा तक कई सियासी जमातें पहुंच जाती हैं। बात करें पूरे देश की तो 1960 में बॉम्बे से अलग होकर जब गुजरात बना तभी से वहां शराबबंदी लागू है। पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भी शराबबंदी है। अलबत्ता, मणिपुर से हरियाणा तक ऐसे कई प्रदेश भी हैं, जो इस बड़े फैसले पर अटल नहीं रह सके। आज जब भारत सॉफ्ट पावर के तौर पर दुनिया में अपनी चमक बिखेर रहा है तो इस नैतिक और सांस्कृतिक मूल्य-निष्ठा पर ज्यादा गंभीर होने की जरूरत है। आखिरकार, शराबबंदी का फैसला महज नैतिक फैसला भर नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का बड़ा आधार भी है। याद रहे कि हमारे संविधान में भी इस बात पर जोर दिया गया है। संविधान के अनुच्छेद 47 में राज्य नीति-निर्देशक सिद्धांतों में कहा गया है कि राज्य को मादक पेय पदाथरे और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदाथरे के सेवन पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करना चाहिए। ऐसे में कह सकते हैं कि बिहार में शराबबंदी के नौ वर्ष मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ संवैधानिक दरकार पर भी खरा उतरने की बड़ी मिसाल हैं।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लखनऊ स्थित राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की।

# वक्फ अधिनियम में संशोधन

विनीत नारायण

वक्फ संशोधन बिल, जिसे हाल में भारतीय संसद में पेश किया गया और 2-3 अप्रैल, 2025 को लोक सभा और राज्य सभा से पारित किया गया, देश में गहन बहस का विषय बन गया है। यह बिल 1995 के वक्फ अधिनियम में संशोधन करने और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने का दावा करता है। सरकार इसे प्रगतिशील कदम के रूप में पेश कर रही है, जबकि विपक्ष और कई मुस्लिम संगठन इसे धार्मिक स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। इस लेख में हम इस बिल के समर्थन और विरोध के तकरे को तटस्थ दृष्टिकोण से देखेंगे और इसके संभावित प्रभावों का आकलन करेंगे।

वक्फ इस्लामी परंपरा है जिसमें कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को धार्मिक, शैक्षिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए समर्पित कर देता है। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन 1995 के वक्फ अधिनियम के तहत होता है, जिसके अंतर्गत राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद कार्य करते हैं। वक्फ संशोधन बिल, 2024 में कई बदलाव प्रस्तावित हैं, जैसे वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम और महिला सदस्यों की अनिवार्यता, संपत्ति सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर की भूमिका और विवादों में हाई कोर्ट की अपील का प्रावधान। सरकार का कहना है कि यह बिल वक्फ पणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा जबकि विरोधी इसे वक्फ की मूल भावना के खिलाफ मानते हैं। इस बिल का समर्थन करने वालों का कहना है कि वक्फ बोडरे में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की शिकायतें लंबे समय से चली आ रही हैं।

देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रु पये आंकी गई है, लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। कलेक्टर द्वारा संपत्ति सर्वेक्षण और रिकॉर्ड डिजिटलीकरण जैसे प्रावधानों से इन संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। बिल में वक्फ बोर्ड में कम से कम दो महिलाओं और गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का प्रावधान भी है। समर्थकों का तर्क है कि इससे बोर्ड में लैंगिक और सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी। विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम समुदाय, जो सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़ा है, इस बिल का समर्थन करता है, क्योंकि उनका मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में धनी और प्रभावशाली लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए हुए हैं।पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला अंतिम माना जाता था, जिसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। नये बिल में हाई कोर्ट में अपील का अधिकार दिया गया है, जिसे समर्थक संविधान के अनुरूप और न्यायसंगत मानते हैं। उनका कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड के मनमाने फैसलों पर अंकुश लगेगा।

### (चिंतन-मनन) सर्वव्यापी है आत्मा

केवल वह जो क्षणिक है, छोटा या नर है, उसे ही सुरक्षा की आवश्यकता है; जो स्थायी है, बड़ा या विशाल है, उसे सुरक्षा की जरूरत नहीं। सुरक्षा का अर्थ है समय विशेष को लंबा कर देना; इसीलिए सुरक्षा परिवर्तन में बाधक भी होती है। पूर्ण सुरक्षा की स्थिति में रूपांतरण नहीं हो सकता। सुरक्षा के बिना इच्छित रूपांतरण नहीं हो सकता। एक बीज को पौधे में परिवर्तित होने के लिए सुरक्षा चाहिए; एक पौधे के वृक्ष बनने के लिए सुरक्षा चाहिए। अत्यधिक सुरक्षा रूपांतरण में या तो सहायक हो सकती है या बाधक, इसीलिए रक्षक को यह समझ होनी चाहिए कि किस मात्रा तक उसे रक्षा करनी है।सुरक्षा और रूपांतरण- दोनों काल और समय के अनुसार होते हैं और समय से परे होने के लिए इन नियमों का सम्मान आवश्यक है। सुरक्षा एक विशेष समय और नर चीजों तक ही सीमित है। चिकित्सक कब तक किसी को स्वस्थ रख सकता है या बचा सकता है? सदा के लिए? नहीं। सत्य को किसी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं। शांति और खुशी को सुरक्षा की आवश्यकता नहीं, क्योंकि वे क्षणिक नहीं। तुम्हारे शरीर को सुरक्षा की आवश्यकता है, तुम्हारी आत्मा को नहीं; तुम्हारे मन को सुरक्षा की जरूरत है, स्वरूप को नहीं। आत्मा केवल मन और शरीर का समिश्रण नहीं है। आत्मा न मन है, न शरीर। शरीर के अस्तित्व का एकमात्र उद्देश्य है तुम्हें सचेत करना कि तुम कितने सुंदर हो; और तुमको जागरूक करना कि तुम जिन आदर्शों का सम्मान करते हो, उन सभी को तुम अपने जीवन में ढालकर, अपने चारों ओर एक दिव्य-जगत की सृष्टि करो।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के कार्यों में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी योजनाओं को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को आज किसी उलझन से छुटकारा मिलेगा, जिससे वे अपने पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देंगे।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दिनचर्या में सुबह की सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। मित्र या रिश्तेदार आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। घर से जुड़ी समस्याओं पर विचार करने की जरूरत है।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपको शिक्षा में आ रही समस्या से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आज जीवनसाथी से मनपसंद उपहार मिलेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से आज आपको राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख- शांति का माहौल बना रहेगा।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। मित्र आपसे मिलने आयेंगे, जिनसे मिलकर अपकी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार से मिलने का मौका मिलेगा। अगर आपने पहले कोई निवेश किया हुआ है तो आज उसका अच्छा लाभ मिलेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेवजह किसी बात को लेकर उलझने से बचना चाहिए। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। आप अपने मित्रों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी कानूनी मामले में जल्दबाजी न दिखाएं। आज अपने काम को समय रहते पूरा कर लेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है। आज आपके जीवनसाथी को करियर में सफलता मिलेगी। आज अपनी आय और व्यय में संतुलन बना कर चलें। आज आप दान-धर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

मकर राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे आपको थोड़ी उलझन में डाल सकते है। आज किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आपको खुशी होगी। यदि आपने बचत संबंधी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाया तो आप भविष्य के लिए धन संचय करने में कामयाब रहेंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आज कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं, उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा।

# फीस के नाम पर जेब पर 'डाका' डाल रहे निजी स्कूल

दिलीप कुमार पाठक

स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है छोटे - छोटे बच्चों के स्कूल जाने की बड़ी - बड़ी चिंताएं पैरेंट्स के चेहरों पर साफ़ तौर पर देखी जा सकती हैं द्य ये विकसित भारत के रास्ते पर बढ़ते हुए नए भारत की नई इबारत है जो बच्चों की पढ़ाई के नाम पर जमकर लूटकर लिखी जा रही है।

हम दूसरों के उदहारण बताते रहते हैं दर-असल मेरे भतीजे के लिए नए स्कूल का चुनाव बड़ा कठिन था क्योंकि सुविधाओं के नाम पर प्राईवेट स्कूलों में पढ़ाई की फीस के नाम पर डाका ड़ाला जा रहा है द्य हमारे 04 साल के भतीजे के स्कूल में एडमिशन फीस 35 हज़ार लिए गए द्य वहीँ 08 साल के बच्चे के एडमिशन के लिए 50 हज़ार लिए गए द्य इसको फीस के नाम पर डाका क्यों न कहा जाए ? हमारे देश में अधिकांश लोग मुश्किल से रोज़ी - रोटी कमा पाते हैं, अब सवाल ये उठता है कि जब देश की अधिकांश जनता अभी आर्थिक रूप से कमज़ोर है तो क्या ये स्कूल गरीबों के मखौल उड़ाने के लिए खुले हैं? इन स्कूलों में ऐसा क्या पढ़ाया जाता है कि 05 साल के बच्चों की फीस 50 हज़ार रुपए उगाह ली जाती है। किसी किसी स्कूलों में तो ये फीस लाखों में है। जबकि इन्हीं स्कूलों के अध्यापकों की फीस देखा जाए तो ज़्यादा से ज़्यादा 20-25 हज़ार होती है द्य सरकारी स्कूल के अध्यापकों की सैलेरी लाखों में है वहीँ प्राईवेट स्कूलों के अध्यापक कुछ ही हज़ार रुपए में गुज़र - बसर कर रहे हैं। सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाले अध्यापकों के बच्चे प्राईवेट स्कूलों में पढ़ते हैं जबकि प्राईवेट स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापकों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं। सोचकर देखा जाए तो समझ आता है कि शिक्षा के नाम पर देश के लोगों का कितना कबाड़ा बनाया जा रहा है। अध्यापकों सहित पूरे देश को पता है कि सरकारी स्कूलों में ढंग से पढ़ाई ही नहीं होती, तो वे अपने बच्चों को क्यों पढ़ाएं ! क्योंकि उन्हें पता है कि वे क्या पढ़ा रहे हैं द्य सरकारी स्कूलों में जो थोड़ा बहुत ढंग के अध्यापक होते हैं तो उनसे तरह - तरह के सर्वे कराए जाते हैं। जैसे कहीं पोलियो कहीं टीका, कहीं जानवरों की गणना तो कहीं जानवरों का बीमा कराया जाता है द्य और बांकी वोटिंग कराने में व्यस्त रहते हैं। अब पढ़ाई कब होगी? हमारे देश को इस सिस्टम ने अंधेर नगरी में




तब्दील कर दिया है।

सबसे प्रमुख बात प्राईवेट स्कूलों में सरकार एवं बड़ी - बड़ी संस्थाएं उन्हें मान्यता, रजिस्ट्रेशन दे देती हैं फिर कभी झांकने नहीं जातीं । जब प्राइवेट स्कूलों में नहीं जाते तो सरकारी स्कूलों में भला कौन जाता होगा। स्कूलों के लिए एक नियमावली बनना चाहिए कि कितनी फीस हो सकती है, एक पाठ्यक्रम होना चाहिए हर स्कूल अपना पाठ्यक्रम खोलकर बैठा हुआ है! शिक्षा विभाग हाथों में मेहंदी लगाकर क्यों बैठा है! प्राईवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाओ तो क्या यह भी नियम होना चाहिए कि बच्चों की स्कूल ड्रेस, किताबें सामाग्री सबकुछ स्कूलों ऐ क्यों खरीदा जाए? स्कूल चला रहे हैं या मार्केट हालांकि पूरी तरह उनका दोष नहीं है क्योंकि शिक्षा विभाग ने पूरी तरह से उन्हें लूटने के लिए छोड़ रखा है, और प्राईवेट स्कूलों वाले जमकर लोगों को लूट रहे हैं द्य ये तो हद ही हो गई है हमारे एक मित्र अपने बच्चों की किताबें लाएं हैं और किताबें आई हैं 14 हजार 635 रुपये की...किताबें कागज की ही हैं या चांदी का वर्क लगा है? समझ नहीं आ रहा पुस्तकों एवं शिक्षा के नाम पर ये लूट पाट कब बंद होगी? कब लगाम लगेगी।

प्रशासन स्कूलों के खिलाफ मुकम्मल कार्रवाई नहीं कर रहा जिससे उनके इरादे बुलंद होते जा रहे हैं। अभिभावकों के लिए बढ़ी फीस अदा करना चुनौती के समान है। ट्यूशन फीस, स्कूल मेनटेनेंस फीस, इंटरनेट फीस सहित विभिन्न मदों में निजी स्कूलों ने अपनी सुविधा के अनुसार बढ़ोतरी की है। कुल मिलाकर फीस में पंद्रह से बीस फीसद तक का इजाफा किया गया है। जिन अभिभावकों के दो या तीन बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, उनकी परेशानी बढ़ गई है।

सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) के द्वारा हर स्टेट में एक एडमीशन एंड फी रेगुलेटरी कमेटी का गठन किया जाता है। कमेटी की जिम्मेदारी होती है कि वह हर वर्ष यह तय करेगी कि स्कूलों में कितनी फीस बढ़ाई जाए। लेकिन स्कूल अपनी मनमर्जी दिखाते हुए फीस बढ़ाते हैं। यही कारण है कि स्कूलों के द्वारा बढ़ाई गई फीस अलग-अलग है। कोई नियम कानून नहीं है। फीस में हर वर्ष हजारों रुपये की बढ़ोतरी कर स्कूल अपनी जेब भर रहे हैं। आम आदमी अपने बच्चों को किस प्रकार पढ़ा रहा है स्कूलों को इससे कोई लेना देना नहीं है। सैलरी डेढ़ दो हजार रुपये बढ़ती है। स्कूल में बच्चों की फीस हज़ारों रुपये तक बढ़ गई है। ऐसे में परेशानी बढ़ गई है। प्रशासन को चाहिए करोड़ों अभिभावकों की परेशानी को देखते हुए स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करे। जिन अभिभावकों के दो बच्चे निजी स्कूल में पढ़ रहे हैं। उनकी परेशानी सबसे अधिक बढ़ गई है। प्रशासन को चाहिए कि निजी स्कूलों पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम उठाए। बच्चों की फीस देने के लिए अभिभावक अपने दूसरे खर्चों में कटौती करने को विवश हैं। अभिभावकों की जेब काटकर स्कूल अपनी जेब भर रहे हैं। इस पर सरकार को नियम बनाना चाहिए।

साथ ही आदेश पारित होना चाहिए कि सरकारी स्कूल में पढ़ाने वालों के बच्चे अब प्राईवेट स्कूलों में नहीं पढ़ पाएंगे द्य जब सरकारी स्कूल के कर्मचारियों के बच्चे केवल सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे तो गुणवत्ता में सुधार होगा और प्राइवेट स्कूलों में कुछ दबाव कम होगा जिससे उनकी दादागिरी कुछ कम होगी द्य साथ ही सरकारी स्कूल के अध्यापकों से अनावश्यक काम न लिए जाएं जिससे अध्यापक बहाना न करें! साथ ही प्राईवेट स्कूलों में अध्यापकों की वेतन में कुछ बढोत्तरी होना चाहिए। साथ ही देश के अध्यापकों को एवं स्कूल चलाने वालों को नैतिकता नहीं त्यागना चाहिए आप शिक्षा से जुड़े हुए हैं कृपया डाका मत डालें। हमारे मुल्क में लोग सख्ती से ही सुधरते हैं इस समस्या का समाधान जल्द ही होना चाहिए अन्यथा ये एकदिन विकराल रूप धारण कर लेगी! हालांकि अब तो कर भी चुकी है।



# आज उपेक्षित रही परंपराएं और विरासत पुनर्जीवित हो गई : जयशंकर



नई दिल्ली,(ए)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि लंबे समय से उपेक्षित रही परंपराएं और विरासत अब पुनर्जीवित हो गई हैं। ज्यादा भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा प्राप्त है और भारतीय प्रथाओं को नया प्रोत्साहन और गति मिल रही है।

उन्होंने कहा कि इसका सार यह है कि इंडिया आज भारत बन चुका है। यह बात बुधवार को जयशंकर एक कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) परिवर्तन को मान्यता देता है और मुझे यकीन है कि यह इसे अपने भविष्य के कार्यों में शामिल करेगा। आईसीसीआर विदेश मंत्रालय के अंतर्गत आता है। जयशंकर ने कहा कि किसी भी संस्था के लिए 75 साल विकास और विस्तार का अहम समय होता है...। उन्होंने यह भी कहा कि यह समय और भी अहम हो जाता है। खासकर उस परिवेश को देखते हुए जिसमें ये संस्थाएं काम करती हैं।

जयशंकर ने कहा कि हमारा राष्ट्र और हमारा समाज काफी बदल गया है। आज हम अपनी पहचान व्यक्त करने और इसकी समझ को बढ़ावा देने के मामले में पहले की तुलना में ज्यादा आश्वस्त, प्रामाणिक और प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में हमारी संस्कृति, विरासत और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है। वास्तव में हम अपनी परंपराओं के कई पहलुओं पर गर्व महसूस करते हैं, जो अब कई पहल और योजनाओं में दिख रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, हमारे पर्यटन को बढ़ावा देना और विश्व धरोहर स्थलों की संख्या में वृद्धि इनमें शामिल है।

## पेट्रोल पंप मैनेजर की गोली मारकर हत्या, बोतल में पेट्रोल देने से मना करने पर हमला

बुलंदशहर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के जौली गांव के पास सिकंदराबाद-जेवर स्टेट हाइवे पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर देर रात सनसनीखेज वारदात हुई। बाइक सवार दो हथियारबंद हमलावरों ने पंप मैनेजर राजू शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना बोतल में पेट्रोल देने से मना करने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए।पुलिस के मुताबिक, बीती रात दो लोग बाइक से पेट्रोल पंप पर आए। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल में 200 रुपये का पेट्रोल डलवाया। इसके बाद उन्होंने पंप कर्मियों से एक खाली बोतल में भी पेट्रोल देने की मांग की। पंप के सेल्समैन ने सुरक्षा नियमों का हवाला देते हुए बोतल में पेट्रोल देने से इनकार कर दिया। इस बात पर दोनों हमलावरों और पंप कर्मियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के वेलिंगटन में सैनिकों को श्रद्धांजलि दी.

## बारां के स्थापना दिवस पर हॉट एयर बैलून बना जानलेवा रोमांच : 80 फीट ऊंचाई से गिरने पर युवक की मौत, रस्सी टूटने से हादसा

बारां ,(आरएनएस)। राजस्थान के बारां जिले में गुरुवार सुबह एक हॉट एयर बैलून शो रोमांच की बजाय दर्दनाक हादसे में बदल गया। जिले के स्थापना दिवस समारोह के दौरान खेल संकुल मैदान पर आयोजित बैलून शो में एक युवक की 80 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई।मरने वाला युवक वासुदेव खत्री बैलून ऑपरेटर कंपनी का कर्मचारी था। वह रस्सी पकड़े खड़ा था, तभी हवा का दबाव अचानक इतना बढ़ गया कि वह हवा में लहराता चला गया। रस्सी का संतुलन जवाब दे गया और झटके से टूट गई। वासुदेव धड़ाम से ज़मीन पर गिरा। उसे तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे से पहले हॉट एयर बैलून दो राउंड पूरे कर चुका था। एक राउंड में स्थानीय विधायक राधेश्याम बैरवा भी बैलून में सवार थे। तीसरे राउंड में स्कूली बच्चों को सैर कराई जानी थी। ठीक इसी राउंड से पहले ट्रायल के दौरान हादसा हुआ।जैसे ही बैलून में तेज़ी से हवा भरी गई, रस्सी पर अत्यधिक दबाव पड़ा और वह टूट गई। वासुदेव उस रस्सी से लटका हुआ था और सीधा ज़मीन पर आ गिरा। चश्मदीदों के मुताबिक, हादसा कुछ ही सेकंड में हुआ, लेकिन उसके असर से पूरे मैदान में सन्नाटा पसर गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बैलून ऑपरेटर कंपनी ने सुरक्षा के कोई पुख़्ता इंतज़ाम नहीं किए थे। रस्सियां साधारण किस्म की थीं और कर्मचारियों के पास न कोई सेफ्टी बेल्ट थी, न किसी तरह की प्रोटेक्शन किट।घटना के बाद बारां जिला प्रशासन ने सभी स्थापना दिवस कार्यक्रमों को रद्द कर दिया। कलेक्टर ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और एफआईआर दर्ज करने की बात भी कही है। फिलहाल बैलून ऑपरेटर और उसकी टीम की लापरवाही ही इस हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है।

## पादरी बजिंदर के बाद अब उसके साथी पर पुलिस का शिकंजा, यूट्यूब पर पीड़िता के वीडियो अपलोड करने का आरोप

मोहाली ,(आरएनएस)। दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पादरी बजिंदर सिंह के एक सहयोगी के खिलाफ बलौंगी पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी सहयोगी ने पीड़िता से जुड़ी कई वीडियो क्लिप्स अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड कर न केवल उसकी पहचान उजागर की, बल्कि आपत्तिजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बजिंदर सिंह के सहयोगी आशीष राज कुमार के खिलाफ आईटी एक्ट समेत भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने साथ ही उन यूट्यूब चैनलों को बंद करवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, जिन पर यह आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की गई थी।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, एक वीडियो में आशीष राज कुमार को एक अन्य सहयोगी से फोन पर बात करते हुए सुना गया, जिसमें वह पीड़िता के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर रहा है। वीडियो में पीड़िता और उसके पति की पहचान भी उजागर की गई है, जो कानूनन अपराध है।

बुधवार को पीड़िता के पति ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पादरी बजिंदर सिंह के समर्थकों द्वारा यूट्यूब पर लगातार इस मामले को लेकर भ्रामक और अपमानजनक वीडियो अपलोड किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह सब कोर्ट के फैसले को गलत साबित करने और पीड़िता को बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपित की तलाश में जुट गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किए जाने की संभावना है।

## सैफ अली खान हमला मामला : मुंबई पुलिस ने किया आरोपी शरीफुल इस्लाम की जमानत याचिका का विरोध

मुंबई ,(आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने मुंबई के सेशन कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। हालांकि, मुंबई पुलिस ने आरोपी की जमानत याचिका का विरोध किया है। इस मामले में अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी। मुंबई पुलिस ने आरोपी की तरफ से दाखिल की गई जमानत याचिका मामले में अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। उन्होंने कहा कि जिस चाकू से सैफ अली खान पर हमला किया गया था, फोरेंसिक जांच में चाकू के तीनों टुकड़े मेल खाते पाए गए हैं।

पुलिस का कहना है कि यह आरोपी के खिलाफ महत्वपूर्ण सबूत है। अगर आरोपी को जमानत दी गई तो उसके फरार होने की संभावना है, इसलिए शरीफुल की जमानत अर्जी मंजूर न की जाए।बता दें कि आरोपी शरीफुल ने अपनी जमानत याचिका में दावा किया कि उसे झूठे मामले में फंसाया गया है और पुलिस के पास कोई मजबूत सबूत नहीं है। इतना ही नहीं, एफआईआर में कई खामियां भी हैं।इससे पहले मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने बांद्रा कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी। यह चार्जशीट एक हजार से अधिक पन्नों की है और इसमें कई महत्वपूर्ण साक्ष्य पेश किए गए हैं, जो जांच के दौरान आरोपी शरीफुल इस्लाम के खिलाफ प्राप्त हुए थे।

पुलिस के अनुसार, इस चार्जशीट में फोरेंसिक लैब की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया गया है, जो इस मामले में एक अहम बिंदु साबित हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, घटनास्थल से जो चाकू का टुकड़ा सैफ अली खान के शरीर से और आरोपी के पास से मिला था, वह सभी एक ही चाकू के तीन अलग-अलग टुकड़े थे। इससे यह साफ होता है कि हमलावर ने सैफ अली खान पर हमला करने के लिए उसी चाकू का इस्तेमाल किया था।

## तरनतारन में सब-इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या, दो पक्षों के बीच झगड़ा सुलझाने पहुंचे थे अधिकारी

तरनतारन , (आरएनएस)। पंजाब के तरनतारन जिले के कोट मोहम्मद खान गांव में देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां झगड़ा सुलझाने पहुंचे पुलिस दल पर अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चला दीं। इस गोलीबारी में श्री गोइंदवाल साहिब थाने के सब-इंस्पेक्टर चरणजीत सिंह की मौत हो गई, जबकि एक अन्य पुलिस अधिकारी भी हमले में घायल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार रात एक बार फिर झगड़ा बढ़ने पर पुलिस को ऑनलाइन शिकायत दी गई। शिकायत मिलते ही सब-इंस्पेक्टर चरणजीत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराने की कोशिश करने लगे।इसी दौरान कुछ लोगों ने अचानक गोलियां चला दीं, जिसमें चरणजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हिंसक झड़प में एक अन्य पुलिस अधिकारी भी घायल हुआ है।घटना की जानकारी मिलते ही डीआईजी फिरोजपुर रेंज और एसएसपी हरमन बीर सिंह गिल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती जांच में यह भी आशंका जताई जा रही है कि गोलीबारी के दौरान किसी पुलिस अधिकारी की रिवॉल्वर का भी इस्तेमाल हुआ हो, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं की गई है।

## हीरा कारखाने के वाटर कूलर में मिलाई सल्फास, पानी पीने से 150 कारीगरों की बिगड़ी तबीयत; हड़कंप मचा

सूरत , (आरएनएस)। गुजरात के सूरत शहर में स्थित एक हीरा कारखाने में उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां काम करने वाले 150 से अधिक कारीगरों की अचानक तबीयत खराब हो गई। यह घटना कापोदरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनभ जेम्स नामक डायमंड फैक्ट्री में हुई, जहां कारीगर रोजाना की तरह हीरा तराशने का काम कर रहे थे।

पुलिस और कारखाना प्रबंधन के अनुसार, कुछ कारीगरों ने फैक्ट्री में लगे वाटर कूलर से पानी पिया, जिसके बाद उन्हें चक्कर आने और उल्टी की शिकायत शुरू हुई। अन्य कर्मचारियों ने पानी से असामान्य गंध आने की बात प्रबंधन को बताई, जिसके बाद यह मामला गंभीर रूप लेता चला गया। घटना की सूचना मिलते ही कापोदरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक तफ्तीश में वाटर कूलर के पास सल्फास का एक पैकेट बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि पैकेट का कवर फटा हुआ था, हालांकि अंदर का पैकेट अभी सुरक्षित था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कारखाना मालिकों ने तत्काल सभी कर्मचारियों को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल पहुंचाया। कुल 104 लोगों को किरण अस्पताल और 14 को डायमंड अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो कारीगरों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आईसीयू में रखा गया है, जबकि बाकी को मामूली शिकायतों के चलते जनरल वार्ड में भर्ती किया गया है।

पुलिस ने इस घटना को हत्या की कोशिश मानते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज किया है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) वीआर पटेल ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं, जो अलग-अलग पहलुओं से तफ्तीश कर रही हैं।उन्होंने कहा, हम सीसीटीवी फुटेज और ह्यूमन इंटेलिजेंस का सहारा लेकर यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर पानी में सल्फास कैसे और किसने मिलाया। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या यह घटना दुर्घटनावश हुई या इसके पीछे कोई साजिश थी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 50वां वाराणसी दौरा, भव्य स्वागत की तैयारी

वाराणसी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का 50वां दौरा करने जा रहे हैं। इस खास मौके पर वे काशीवासियों को 3,884 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें 1,629 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का लोकार्पण और 2,255 करोड़ रुपये की 25 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे को लेकर वाराणसी में उत्साह का माहौल है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनके भव्य स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दौरे के दौरान वाराणसी के रोहनिया क्षेत्र में मेहंदीगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में लगभग 50 हजार लोग उनके संबोधन को सुनने के लिए मौजूद रहेंगे।स्थानीय प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसकी तैयारियां जोर-शोर से की हैं।

## खालसा साजना दिवस : 6,600 सिख श्रद्धालु पाकिस्तान रवाना, 50 साल बाद सभी को मिला वीजा



अमृतसर (आरएनएस)। खालसा साजना दिवस (वैसाखी) के मौके पर गुरुवार को (10 अप्रैल) पूरे भारत से करीब 6,600 सिख श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन के लिए रवाना हुए। यह जत्था अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान पहुंचेगा। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की ओर से 1,942 तीर्थयात्रियों का एक विशेष जत्था तैयार किया गया, जो बोले सो निहाल के जयकारों के साथ शिरोमणि कमेटी कार्यालय से रवाना हुआ। इस जत्थे का नेतृत्व एसजीपीसी सदस्य जंग बहादुर और उपनेता बीबी जोगिंदर कौर कर रहे हैं। यह तीर्थयात्री 10 दिनों तक पाकिस्तान में रहेंगे और 19 अप्रैल को भारत लौट आएंगे।

एसजीपीसी ने बताया कि 50 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब सभी आवेदन करने वाले श्रद्धालुओं को वीजा मिला है। इस बार शिरोमणि कमेटी ने 1,942 श्रद्धालुओं के नाम दिल्ली स्थित पाकिस्तान दूतावास को भेजे थे, और सभी को वीजा जारी कर दिया गया। इस उपलब्धि के लिए एसजीपीसी ने भारत और पाकिस्तान सरकारों के साथ-साथ दूतावास अधिकारियों का धन्यवाद किया। कमेटी के मैनेजर सतनाम सिंह और प्रताप सिंह ने कहा कि पहले कई बार कुछ श्रद्धालुओं को वीजा नहीं मिलता था, लेकिन इस बार सभी को वीजा मिलने से संगत में खुशी की लहर है।

यह जत्था पाकिस्तान में ननकाना साहिब, पंजा साहिब, लाहौर साहिब, करतारपुर साहिब और अन्य गुरुद्वारों के दर्शन करेगा। खालसा साजना दिवस का मुख्य समारोह गुरुद्वारा पंजा साहिब, हसन अब्दाल में होगा। सतनाम सिंह ने बताया कि शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में दिल्ली में पाकिस्तान दूतावास के अधिकारियों से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में सभी श्रद्धालुओं को वीजा देने की मांग रखी गई थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। श्रद्धालुओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया।श्रद्धालु घनश्याम सिंह ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, हमें बहुत खुशी है कि हम बाबा की धरती पर जा रहे हैं। यह पंजाब हमारा है और वह पंजाब भी हमारा है।



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

# भारत-अमेरिका ट्रेड में लंबी अवधि का नजरिया रखें निर्यातक : पीयूष गोयल



नई दिल्ली (आरएनएस)। नए उभरते हुए व्यापार चुनौतियों के बीच, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल ने निर्यातकों से कहा कि वे भारत-अमेरिका ट्रेड में लंबी अवधि का नजरिया रखें। केंद्रीय मंत्री की ओर से बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और इंडस्ट्री बॉडीज के साथ चर्चा की गई। यह बैठक उभरते और अत्यंत गतिशील परिदृश्यों से उत्पन्न होने वाले प्रभावों और अवसरों पर विचार-विमर्श करने और उद्योग एवं व्यापार जगत को सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से अवगत कराने के लिए बुलाई गई थी।गोयल ने कहा, विभिन्न एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और इंडस्ट्री बॉडीज के पक्षकारों के साथ एक बहुत ही उपयोगी बैठक हुई। विचार-विमर्श में अमेरिका के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए चल रही चर्चाओं से सभी पक्षकारों को अवगत कराया गया।

गोयल ने आगे कहा, उन्हें (निर्यातकों) को अपने वाणिज्यिक निर्णय लेते समय भारत-अमेरिका व्यापार और आर्थिक संबंधों के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया और आश्वासन दिया कि सरकार वैश्विक व्यापार वातावरण में हाल में हुए बदलावों के बीच एक अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए काम करेगी।

केंद्रीय मंत्री ने वित्त वर्ष 2024-25 में 820 अरब डॉलर से अधिक का अब तक का उच्चतम निर्यात हासिल करने के लिए निर्यातकों और उद्योग की सराहना की, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत अधिक है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लाल सागर संकट, खाड़ी क्षेत्र में फैल रहे इजरायल-हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन संघर्ष और कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में धीमी वृद्धि सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, यह उपलब्धि की सराहनीय है।बैठक के दौरान, गोयल ने निर्यातकों को पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए अमेरिका के साथ चर्चा के बारे में भी जानकारी दी।

## सुचारु संचालन के दिए निर्देश किसानों व आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा



जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो दिवसीय हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर दौरे के तहत बुधवार को श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने पावर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत उत्पादन के लिए संचालित इकाइयों का सुव्यवस्थित संचालन किया जाए जिससे ग्रीष्म ऋतु में किसानों व आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।शर्मा ने पावर स्टेशन के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि पॉवर स्टेशन के सभी तकनीकी पहलुओं का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए जिससे ब्रेक-डाउन जैसी स्थिति के कारण विद्युत उत्पादन प्रभावित नहीं हो तथा तकनीकी खराबी के कारण उत्पादन इकाइयों के शट डाउन जैसी स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने सभी इकाइयों की विद्युत उत्पादन क्षमता की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध-मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नवीन तकनीक से कम लागत में प्रदेश के बिजली उत्पादन की क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में सूरतगढ़ थर्मल पावर स्टेशन में 125/250 मेगावॉट ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। वहीं, आरवीयूएनएल एवं कोल इंडिया के संयुक्त उपक्रम द्वारा सूरतगढ़ थर्मल पॉवर स्टेशन में 100 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए एमओयू किया जा चुका है। इन अहम निर्णयों से राज्य सरकार का किसानों को दिन में बिजली देने का संकल्प पूरा होगा।

# बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान की सिकंदर का हाल-बेहाल, 10वें दिन कमाए केवल इतने करोड़ रुपये



ईद के मौके पर आई सलमान खान की फिल्म सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी है। न तो दर्शकों ने फिल्म को सराहा और न ही समीक्षकों से इसे हरी झंडी मिली, जिसके चलते पहले दिन से ही यह टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए संघर्ष करती दिख रही है।बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का हाल-बेहाल है। हर गुजरते दिन के साथ इसकी कमाई में गिरावट जारी है।आइए जानें सिकंदर ने 10वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सिकंदर ने अपनी रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 1.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 105.60 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में सिकंदर ने 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इस फिल्म ने अब तक दुनियाभर में 200.93 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।फिल्म का अनुमानित बजट लगभग 200 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।सिकंदर के निर्देशन की कमान एआर मुरुगदॉस ने संभाली है, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म गजनी बनाई थी। साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं।

इस फिल्म में सलमान की जोड़ी पहली बार रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। फिल्म में प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल, सत्यराज और शरमन जोशी सहित कई कलाकार सहायक भूमिका में नजर आ रहे हैं।

सिकंदर की कहानी एक ऐसे इंसान की है, जो भ्रष्ट सिस्टम से परेशान हो चुका है और अब इसके खिलाफ आवाज उठा रहा है।

## मुनव्वर फारुकी की फर्स्ट कॉपी का टीजर जारी, अमेजन एमएक्स प्लेयर पर होगा प्रीमियर

मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन और बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारूकी काफी समय से अपनी वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।

खास बात यह है कि यह मुनव्वर के करियर की पहली सीरीज है, जिसकी दर्शक लंबे समय से राह देख रहे हैं।

अब निर्माताओं ने फर्स्ट कॉपी का टीजर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक खूब पंसद कर रहे हैं। मुनव्वर की अदाकारी की भी लोग काफी तारीफ कर रहे हैं।

फर्स्ट कॉपी का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर होगा। इस सीरीज को आप जून, 2025 में अमेजन एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में देख पाएंगे। फिलहाल सीरीज की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

अमेजन एमएक्स प्लेयर ने टीजर साझा करते हुए लिखा, नकली माल की असली दमदार कहानी लेकर हम आ रहे हैं।

मुनव्वर के अलावा इस सीरीज में गुलशन ग्रोवर, मेयांग चांग, साकिब अयूब, क्रिस्टल डिसूजा और आशी सिंह जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 22 साल बाद अभिनय की दुनिया में लौट रहीं राखी गुलजार, बंगाली फिल्म अमर बॉस में आएंगी नजर

दिग्गज अभिनेत्री राखी गुलजार इन दिनों खूब चर्चा में हैं और हों भी क्यों ना, वह लगभग 22 साल बाद अभिनय की दुनिया में जो लौट रही हैं।

वह जल्द ही बंगाली फिल्म अमर बॉस में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। हमेशा की तरह राखी की अदाकारी की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं।

नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है।

अमर बॉस को 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। राखी इस फिल्म में शिबोप्रसाद मुखर्जी, श्राबंती चटर्जी, सौरसेनी मैत्र, गौरव चटर्जी और शाबित्री चटर्जी जैसे अन्य कलाकार के साथ नजर आएंगी।

बता दें कि राखी ने 1967 में बंगाली फिल्म बदहू बरण के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।

इसके बाद 1970 में उन्होंने बॉलीवुड का रुख किया और धर्मेंद्र के साथ फिल्म जीवन मृत्यु में नजर आईं।

## नुसरत भरूचा का बोल्ड अवतार, हॉटनेस से बढ़ाया तापमान



बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह बेहद हॉट और स्टनिंग नजर आ रही हैं. नुसरत ने वाइट डीप-नेक टॉप और ब्लैक ग्लिटरी स्कर्ट पहनी है, जिसमें उनका लुक बेहद ग्लैमरस लग रहा है. उन्होंने अपने लुक को सिल्वर ज्वेलरी और न्यूड मेकअप से कम्प्लीट किया है. उनके स्टाइलिश हेयरडू और एक्सप्रेशन्स ने फैंस का दिल जीत लिया है.इन तस्वीरों के सामने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है. फैंस नुसरत के इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं. कोई उन्हें फायर बता रहा है तो कोई गॉर्जियस कह रहा है. एक यूजर ने लिखा, आपकी हॉटनेस ने इंटरनेट पर आग लगा दी! वर्कफ्रंट की बात करें तो नुसरत भरूचा जल्द ही कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी. उनके फैन्स उनकी अपकमिंग फिल्मों को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं.

# देश में अशिक्षा है सबसे बड़ा सामाजिक मुद्दा : संजना सांघी



संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की यूथ चैंपियन अभिनेत्री संजना सांघी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। अभिनेत्री का मानना है कि अशिक्षा ही हमारे देश में सबसे बड़ा सामाजिक मुद्दा है।

उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय काम के अनुभव पर भी बात की। संजना ने बताया कि उन्हें किस बात ने प्रेरित किया। सांघी ने कहा, मुझे याद है कि मैंने एम्मा वाटसन को यूएन में बोलते हुए देखा था और मेरे पर वहीं से प्रभाव पड़ा। बच्चों को पढ़ाने से मुझे उनसे जुड़ाव का एहसास हुआ। आखिरकार, मैंने वॉलंटियर्स को सलाह देना शुरू कर दिया और उस पहल को आगे बढ़ाया। मेरा सपना एक ऐसे संगठन के निर्माण करने का है, जहां हमारे देश में कोई भी अशिक्षित न हो, मुझे लगता है कि शिक्षा की कमी हमारे देश में सबसे बड़ा सामाजिक मुद्दा है।

सांघी का मानना है कि शिक्षा से जेंडर और वेतन असमानता तथा स्वास्थ्य जागरूकता की कमी जैसे कई मुद्दों का समाधान हो सकता है।संजना ने आगे कहा, शिक्षा की कमी हमारे सामने आने वाले बड़े मुद्दों की जड़ है। इसे हल करें और आप लिंग और वेतन असमानता, मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता, महिला अधिकार जैसे विषयों पर खुलकर बात कर सकेंगे। दुर्भाग्य से लॉकडाउन में अध्ययनों से पता चलता है कि 10 मिलियन लड़कियों को स्कूल छोड़ने और घर में रहने के लिए मजबूर किया गया। वहीं, लड़कों की संख्या एक मिलियन से कम थी।शुरुआती सफलता और चुनौतियों से निपटने के बारे में उन्होंने बताया, ओम का बॉक्स ऑफिस पर सकारात्मक प्रदर्शन न करने से मुझे एहसास हुआ कि प्रक्रिया ही पुरस्कार है।उन्होंने आगे बताया, मुझे याद है कि मैंने शुक्रवार को रिलीज के जश्न के लिए अपने सभी दोस्तों को बुलाया था, क्योंकि यह एक ऐसी यात्रा थी, जिसका मैंने बहुत आनंद लिया और यह मेरे लिए एक अनुभव के रूप में एक मजेदार यात्रा थी।

# ज्वेल थीफ का पहला गाना जादू जारी, रोमांस करते नजर आए सैफ अली खान




सैफ अली खान जल्द ही ज्वेल थीफ फिल्म से नेटफ्लिक्स पर लौट रहे हैं। इस बार वह इस फिल्म में एक लुटेरा बन कर आ रहे हैं। ज्वेल थीफ का निर्देशन कूकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का पहला लुक फरवरी में जारी किया गया था। नेटफ्लिक्स ने समय-समय पर फिल्म के बारे में अपडेट दी हैं, ताकि इस पर चर्चा होती रहे। अब फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना जारी किया है।

फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के गाने के रिलीज के बारे में कल ही बताया था। इसके बाद आज ज्वेल थीफ का गाना जादू रिलीज हुआ है। गाने को यूट्यूब पर देखा जा सकता है। गाने में सैफ अली खान, जयदीप अहलावत, कुणाल कपूर और निकिता दत्ता हैं। इस गाने को राघव चैतन्य ने आवाज दी है। इसे गीतकार कुमार ने लिखा है।गाने में देखा जा सकता है कि सैफ अली खान एक शाही कुर्सी पर बैठे हैं। उनके इशारे पर एक दरवाजा खुलता है और लड़की नाचने लगती है। इसके बाद सैफ अली खान निकिता दत्ता के साथ रोमांस करते हैं। एक दूसरे सीन में जयदीप अहलावत लाल हीरे के साथ नजर आते हैं। गाने में सैफ अली खान बेहतरीन डांस करते हुए नजर आते हैं।

## रजनीकांत की पैन-इंडिया एक्शन फिल्म कुली की रिलीज डेट तय, निर्माताओं ने पोस्टर जारी कर शेयर की जानकारी

रजीकांत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कुली को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। रजनीकांत के फैंस को उनकी फिल्म कुली की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। आज निर्देशक लोकेश कनगराज ने सोशल मीडिया पर फिल्म कुली की रिलीज की आधिकारिक घोषणा कर फैंस को खुश कर दिया है।फिल्म कुली का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। लोकेश कनगराज ने अपने इंस्टाग्राम पर रजनीकांत का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर में एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें रजनीकांत सीटी बजाते दिख रहे हैं। और साथ ही कैप्शन में लिखा, देवा आ रहा है, कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में। एक्शन ड्रामा फिल्म कुली के निर्माताओं ने रिलीज की तारीख बताकर फैंस को खुश कर दिया है। यह फिल्म लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी है। कुली 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सन पिक्चर्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी इसकी रिलीज की जानकारी दी है।

## केसरी 2 से अक्षय कुमार का नया लुक आया सामने, पहले नहीं देखा होगा ऐसा अवतार



अभिनेता अक्षय कुमार जल्द ही फिल्म केसरी: चैप्टर 2 में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। अक्षय फिल्म में वरिष्ठ वकील सी शंकरन नायक की भूमिका निभा रहे हैं।अब केसरी: चैप्टर 2 से अक्षय का नया लुक सामने आ गया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। अभिनेता का ऐसा अवतार आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। अक्षय ने लिखा, यह कोई पोशाक नहीं है। यह प्रतीक है- परंपरा का, प्रतिरोध का, सत्य का, मेरे राष्ट्र का। सी शंकरन नायर ने हथियार से लड़ाई नहीं की। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य से कानून से लड़ाई लड़ी। हम आपके लिए वह अदालती मुकदमा लेकर आ रहे हैं, जो आपने कभी पाठ्यपुस्तकों में नहीं पढ़ा। केसरी 2 को 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

# अपने नाखूनों को स्वस्थ और सुंदर बनाना चाहते हैं? आजमाएं ये 5 घरेलू नुस्खे



नाखूनों की देखभाल करना उतना ही जरूरी है, जितना कि चेहरे और बालों की। सुंदर और स्वस्थ नाखून आपके व्यक्तित्व को निखारते हैं।

इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनसे आपके नाखून मजबूत, चमकदार और आकर्षक बन सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने नाखूनों की प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ा सकते हैं और उन्हें टूटने-छिलने से बचा सकते हैं।

### आइए जानते हैं कैसे।

जैतून के तेल का करें उपयोग

जैतून का तेल नाखूनों को पोषण देता है और उन्हें मजबूत बनाता है।

रोजाना सोने से पहले अपने नाखूनों पर जैतून का तेल लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इससे आपके नाखून नमी बनाए रखते हैं और टूटने-छिलने की संभावना कम हो जाती है।इसके अलावा यह नाखूनों को चमकदार भी बनाता है। जैतून के तेल में मौजूद विटामिन और फैटी एसिड नाखूनों को मजबूत करने में मदद करते हैं।

### लहसुन का करें इस्तेमाल

लहसुन का इस्तेमाल नाखूनों की मजबूती बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। लहसुन में सल्फर जैसे तत्व होते हैं, जो नाखूनों को मजबूत बनाते हैं।

लाभ के लिए एक-दो कली लहसुन को पीसकर उसमें थोड़ा जैतून का तेल मिलाएं और इसे अपने नाखूनों पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद हाथ धो लें। इससे आपके नाखून मजबूत होंगे और उनकी चमक भी बढ़ेगी।इस उपाय को नियमित रूप से अपनाने से आपके नाखूनों की सेहत में सुधार होगा।

### नींबू का रस भी है फायदेमंद

नींबू का रस नाखूनों की सफेदी बढ़ाने और उन्हें चमकदार बनाने में मदद करता है।

एक कप गुनगुने पानी में नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर उसमें अपने हाथों को थोड़ी देर डुबोएं। इसके बाद अपने हाथों को साफ पानी से धो लें।नींबू में मौजूद विटामिन-सी आपके नाखूनों को पोषण देता है और उन्हें स्वस्थ बनाए रखता है।इस उपाय को हफ्ते में एक बार जरूर अपनाएं ताकि आपके नाखून हमेशा साफ-सुथरे और आकर्षक दिखें।

### नारियल तेल से मिलेगी सुरक्षा

नारियल तेल आपके नाखूनों को टूटने-छिलने से बचाता है और उन्हें नमी प्रदान करता है।रोजाना नहाने के बाद अपने नाखूनों पर नारियल तेल लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इससे आपके नाखून मजबूत होंगे और उनकी प्राकृतिक नमी बनी रहेगी।

इसके अलावा नारियल तेल में मौजूद विटामिन और फैटी एसिड आपके नाखूनों को पोषण देते हैं।इस उपाय को नियमित रूप से अपनाने से आपके नाखून हमेशा स्वस्थ और आकर्षक दिखेंगे।

### बायोटिन सप्लीमेंट्स लें

बायोटिन एक विटामिन है, जो आपके नाखूनों की सेहत के लिए बहुत जरूरी होता है।

अगर आपके खाने में बायोटिन की कमी होती है तो आपके नाखून कमजोर हो सकते हैं। इसलिए बायोटिन सप्लीमेंट्स लेना फायदेमंद हो सकता है। इन घरेलू उपायों को अपनाकर आप अपने नाखूनों को प्राकृतिक रूप से सुंदर बना सकते हैं। इनका नियमित उपयोग करने से आपके नाखून मजबूत, चमकदार और आकर्षक बनेंगे।

# गर्मियों के दौरान पपीता खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन

गर्मियों के दौरान पपीते का सेवन करना फायदेमंद होता है क्योंकि यह एक समर सुपरफूड है। इसमें विटामिन-ए, विटामिन-सी, पोटेशियम, फोलेट, मैग्नीशियम, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स जैसे कई जरूरी तत्व होते हैं। ये तत्व शरीर को हाइड्रेट रखने और पाचन को सही रखने में मदद करते हैं। इसके लिए सही पपीता चुनना जरूरी है ताकि आप इसके फायदों का पूरा लाभ उठा सकें।

आइए पपीता खरीदने के सही तरीके जानते हैं।

पपीते की त्वचा पर दें ध्यान

पपीते की त्वचा पर ध्यान देना जरूरी है क्योंकि इससे आपको पपीते के स्वाद का अंदाजा हो सकता है।

अगर पपीते की त्वचा पर हरे रंग की छाया होती है तो समझ जाइए कि यह कच्चा है और इसे खाने से मीठा नहीं लगेगा।दूसरी ओर अगर पपीते की त्वचा पर पीले रंग की छाया होती है तो इसका मतलब है कि यह पक गया है और यह खाने में मीठा और नरम होगा।

### आकार पर न दें ध्यान

अगर आप आकार के आधार पर पपीते को चुनते हैं तो यह सही नहीं है।दरअसल, कई लोग बड़े आकार के पपीते को चुनते हैं क्योंकि उनका मानना है कि ऐसे पपीते में अधिक मात्रा में पोषक तत्व होते हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं है।आकार से ज्यादा पपीते की गुणवत्ता मायने रखती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप आकार की बजाय पपीते की गुणवत्ता पर ध्यान दें और उसे ही खरीदें।

### सुगंध का करें पता

पपीते की सुगंध से भी इसकी पक्की जानकारी मिल सकती है।अगर पपीते से मीठी और सुगंधित सुगंध आ रही है तो समझ जाइए कि यह पका हुआ है और इसे खरीद लेना चाहिए।दूसरी ओर अगर पपीते से कोई सुगंध नहीं आ रही है तो इसका मतलब है कि यह कच्चा है और इसे खरीदने से बचना चाहिए। ऐसे पके पपीते खाने में मीठा और नरम होता है, जबकि कच्चे



पपीते का स्वाद खट्टा होता है।

### दाग-धब्बों पर दें ध्यान

पपीते पर दाग-धब्बे होने से भी इसके स्वाद पर असर पड़ सकता है।अगर पपीते पर हल्के दाग-धब्बे हैं तो उसे खाया जा सकता है, लेकिन अगर दाग-धब्बे गहरे और काले रंग के हैं तो ऐसे पपीते को खरीदने से बचना चाहिए क्योंकि इसका स्वाद कड़वा हो सकता है।इसलिए जब भी आप बाजार से पपीता खरीदने जाएं तो इस बात का खास ख्याल रखें।

### बीजों पर दें ध्यान

पपीते के बीज भी आपको इसके स्वाद के बारे में बता सकते हैं।अगर पपीते के बीज सफेद होते हैं तो इसका मतलब है कि यह पक गया है और इसे खरीद लेना चाहिए।दूसरी ओर अगर पपीते के बीज काले होते हैं तो समझ जाइए कि यह कच्चा है और इसे खरीदने से बचें। इस तरह से आप सही पपीते का चयन करके अपने परिवार को स्वादिष्ट और पौष्टिक पपीते का आनंद दे सकते हैं।


# शेयर बाजार में पैसा लगाने वालों को डोनाल्ड ट्रंप ने दी सलाह, पोस्ट करते हुई कही ये बात



न्यूयॉर्क,(आरएनएस) । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक अहम घोषणा करते हुए 90 दिनों के लिए दुनिया के अधिकांश देशों पर लगे आयात शुल्क (टैरिफ) को स्थगित करने का फैसला किया है। हालांकि, इस राहत में चीन को शामिल नहीं किया गया है। इसी बीच ग्लोबल मार्केट में भारी उथल-पुथल के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक नया पोस्ट किया है। सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा है, शेयर बाजार में खरीदारी के लिए यह बहुत बढ़िया समय है। बता दें कि ट्रंप टैरिफ के ऐलान से दुनियाभर के मार्केट में हलचल है और अमेरिकी मार्केट बीते चार दिनों में 6 ट्रिलियन डॉलर से अधिक गिर गया था। इससे S&P 500 को तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा। इतना हीं नहीं ट्रंप टैरिफ से भारतीय शेयर बाजार भी बीते सोमवार को करीबन 4000 अंक तक गिर गया था। बता दें कि वैश्विक बाजार में मंदी की आशंका के बीच बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ज्यादातर देशों पर लगाए गए शुल्क को अचानक 90 दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला किया, हालांकि उन्होंने चीन से आयात पर शुल्क की दर बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दी है। ट्रंप ने कहा कि ये देश अधिक अनुकूल शर्तों पर बातचीत करने के लिए राजी हैं। इस खबर के बाद मिनटों में शेयर बाजार में उछाल आया। एसएंडपी 500 में 7त्न से अधिक की बढ़ोतरी हुई, इससे 3 ट्रिलियन डॉलर का मुनाफा हुआ। इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ा और सेंसेक्स-निफ्टी में कुछ रिकवरी देखी गई। बावजूद भारत समेत दुनियाभर के निवेशकों में शेयर बाजार को लेकर एक डर का माहौल बना हुआ है।

## ट्रंप का बड़ा फैसला : 90 दिनों के लिए अधिकांश देशों पर आयात शुल्क स्थगित, चीन को राहत नहीं

न्यूयॉर्क (आरएनएस) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक अहम घोषणा करते हुए 90 दिनों के लिए दुनिया के अधिकांश देशों पर लगे आयात शुल्क (टैरिफ) को स्थगित करने का फैसला किया है। हालांकि, इस राहत में चीन को शामिल नहीं किया गया है। ट्रंप ने चीन पर तुरंत प्रभाव से टैरिफ को 104त्न से बढ़ाकर 125त्न कर दिया है।राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि 75 से अधिक देशों ने अमेरिका के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहयोग किया और टकराव का रुख नहीं अपनाया, इसलिए उन्हें यह राहत दी गई है। इस अवधि में एक सीमित 'रेसिप्रोकल टैरिफ' लागू रहेगा, जिसकी दर 10त्न होगी। चीन को टैरिफ राहत से बाहर रखते हुए ट्रंप ने कहा, चीन ने विश्व बाजार का सम्मान नहीं किया, इसलिए सख्त कदम उठाने जरूरी हो गए। चीन समझदार है, वे सौदा करना चाहते हैं लेकिन उन्हें तरीका नहीं आता। ट्रंप पर हाल ही में रिपब्लिकन नेताओं और व्यापारिक संगठनों का दबाव था कि वह टैरिफ में राहत दें, जिससे वैश्विक मंदी और ट्रेड वॉर की आशंका को कम किया जा सके। बताया गया है कि अमेरिका के बॉन्ड मार्केट में गिरावट और वित्त मंत्रालय की चेतावनी के बाद यह फैसला लिया गया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्लोवाकिया की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान ऐतिहासिक ब्रातिस्लावा कैसल में स्लोवाक राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भोज को संबोधित करती हुई।

## चीन ने अमेरिका पर टैरिफ बढ़ाकर 84प्रतिशत किया, इस दिन से लागू हो जाएंगी नई दरें

बीजिंग(आरएनएस) । चीन और अमेरिका के बीच में जारी टैरिफ वार को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। अब चीन ने अमेरिका के साथ जारी व्यापार युद्ध के बीच सीमा शुल्क को 34 प्रतिशत से बढ़ाकर 84त्न करने की घोषणा की। जानकारी के अनुसार, नई टैरिफ दरें 10 अप्रैल से लागू हो जाएंगी।

पिछले हफ्ते ही चीन ने कहा था कि वह सभी अमेरिका के सामान पर 34त्न टैरिफ लगाएगा। लेकिन अब उसने अमेरिकी टैरिफ में बुधवार को हुए और भी ज्यादा इजाफे के बाद यह फैसला लिया है। अमेरिका ने चीन के सामान पर 104 प्रतिशत शुल्क के लागू करना का फैसला लिया है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि चीन पर 104 प्रतिशत प्रशुल्क की व्यवस्था मंगलवार आधी रात के बाद प्रभावी हो जाएगी। व्हाइट हाउस की एक प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका के श्रमिकों और उद्योगों की रक्षा के लिए जो उपाए किए है उसका दुनिया में असर दिख रहा है और करीब 70 देश अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने को तैयार हो चुके है।महिला प्रवक्ता ने कहा कि दुनियाभर के देशों ने लंबे समय तक अमेरिका के श्रमिकों का हक लूटा जिसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रवक्ता ने इजरायल के प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू और श्री ट्रम्प की कल यहां हुई बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि इजरायल अमेरिका के खिलाफ आयात शुल्क खत्म कर अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने में सहयोग करने के लिए तैयार हो गया है।

# रूस के खिलाफ NATO लेने जा रहा बड़ा एक्शन, मुख्यालय में बुलाई गई 30 देशों के रक्षा मंत्रियों की बड़ी बैठक



ब्रसेल्स( आरएनएस) नाटो रूस के खिलाफ बड़ी रणनीति तैयार करने का संकेत दिया है। इस बाद नाटो ने अपने मुख्यालय में 30 देशों के रक्षामंत्रियों की बड़ी बैठक बुलाई है। इसकी अगुवाई ब्रिटेन और फ्रांस कर रहे हैं, जिन्होंने बृहस्पतिवार को लगभग 30 देशों के रक्षा मंत्रियों की एक बैठक बुलाई है। यूक्रेन पर 3 साल से जारी युद्ध में लगातार हावी हो रहे रूस के खिलाफ अब नाटो ने बड़ा ऐक्शन प्लान तैयार किया है।जानकारी के अनुसार नाटो का कहना है कि बैठक का उद्देश्य रूस के साथ किसी भी भावी शांति समझौते की निगरानी के लिए, यूक्रेन में सेना तैनात करने की योजना पर चर्चा करना है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) मुख्यालय में होने वाली यह बैठक तथाकथित गठबंधन में शामिल देशों के रक्षा मंत्रियों की पहली बैठक होगी। पिछले सप्ताह वरिष्ठ ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैन्य अधिकारियों ने कीव की यात्रा की थी, जिसके बाद यह बैठक बुलाई गई है। उम्मीद है कि इसमें नेताओं के बीच पहले हुई बैठक में हुए समझौते को मूर्त रूप देने पर काम किया जाएगा। अमेरिका इस बैठक में भाग नहीं लेगा।

## तेहरान ने अगर नहीं छोड़ा परमाणु हथियार कार्यक्रम तो ईरान पर हमले का 'नेता' होगा इजरायल : ट्रंप

वाशिंगटन ( आरएनएस) राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि यदि तेहरान अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को नहीं छोड़ता है तो इजरायल ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य हमले का नेता होगा। ध्यान देने वाली बात यह है कि ट्रंप ने यह बयान इस सप्ताहांत मध्य पूर्व के ओमान सल्तनत में अमेरिकी और ईरानी अधिकारियों के बीच होने वाली वार्ता से पहले दिया है।ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि वार्ता प्रत्यक्ष होगी, जबकि ईरान ने इस बातचीत को अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता बताया। ट्रंप ने कहा, अगर इसके लिए सेना की जरुरत होगी, तो हम सेना का इस्तेमाल करेंगे। इसमें इजरायल की भूमिका स्पष्ट रूप से बहुत बड़ी होगी। वह इसका नेतृत्व करेगा।

## यमन की राजधानी पर रातभर अमेरिकी हवाई हमले, तीन की मौत

सना ( आरएनएस) यमन की राजधानी सना पर ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है और कई अन्य घायल हो गए हैं। चिकित्सकों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने सिन्हुआ को यह जानकारी दी।

बुधवार देर रात हवाई हमलों में अल-नहदयन क्षेत्र को निशाना बनाया गया, जो घनी आवासीय बस्तियों से घिरा हुआ है।

छर्रे कई घरों पर गिरे और खिड़कियां टूट गईं, तीन लोगों की मौत हो गई। कई घायल नागरिकों को अस्पताल ले जाया गया।


यह उत्तरी यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की नवीनतम कड़ी है। अमेरिकी सेना ने 15 मार्च को हूती ग्रुप पर हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए थे। इन हमलों का मकसद ग्रुप को उत्तरी लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाने से रोकना है।

बुधवार देर रात हवाई हमलों में अन्य उत्तरी क्षेत्रों को भी निशाना बनाया गया, जिनमें लाल सागर के बंदरगाह शहर होदेदाह और कामरान द्वीप भी शामिल हैं, जहां अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अमेरिकी सेना ने अभी तक इस पर कोई टिप्पणी नहीं की।इससे पहले 9 अप्रैल को यमन के हौथियों ने बताया कि उन्होंने एक और अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। समूह के प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा, हमारे हवाई रक्षा बलों ने स्थानीय रूप से निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का उपयोग करके अल-जौफ प्रांत के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया।

# व्यापार समाचार

# महेंद्र सिंह धोनी फिर बने चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान, इस वजह से ऋतुराज गायकवाड़ टूर्नामेंट से बाहर



नई दिल्ली(आरएनएस) । आईपीएल 2025 के बीच चेन्नई सुपरकिंग्स को बड़ा झटका लगा है। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। गायकवाड़ कोहनी की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए हैं। उनकी जगह चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी एमएस धोनी करते हुए नजर आएंगे।

फ्लेमिंग ने गुरुवार को मीडिया को बताया, ''ऋतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हैं। एम एस धोनी कप्तान होंगे।फ्फ गायकवाड़ को जोफ्रा आर्चर की गेंद पर चोट लगी थी। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। टीम ने ऋतुराज की कप्तानी में सिर्फ एक मुकाबला जीता है। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 में अपने पहले मुकाबले में मुंबई इंडियंस को हराया था लेकिन उसके बाद से टीम ने लगातार चार मुकाबले गंवाए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हुए हैं। बतौर कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। पिछले सीजन भी उनकी कप्तानी में टीम पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर रही थी और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी। इस बार भी टीम पांच मैच खेलते हुए सिर्फ एक मुकाबला जीत सकी और पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है।

# सुदर्शन ऑरेंज कैप की दौड़ में दूसरे नंबर पर पहुचे

अहमदाबाद (ए)। गुजरात की जीत में अहम भूमिका सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन एक बार फिर सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ में आगे निकल आये हैं। सुदर्शन ने यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुए मैच में 53 गेंदों पर 8 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 82 रनों की आक्रामक पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस के साथ ही गुजरात ने लगातार चौथी जीत दर्ज कर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल किया है। सुदर्शन के इस मैच को मिलाकर अब पांच मैच में 54.60 के औसत से 273 रन बनाये हैं। इससे वह ऑरेंज कैप की दौड़ में भी लंबी छलांग लगाकर दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं लखनऊ सुपर जाएंट्स के निकोलस पूरन पहले नंबर पर हैं। पुरन ने अब तक 5 मैचों में 288 रन बनाये हैं। तीसरे नंबर पर कोलकाता नाइट राइडर्स के मिशेल मार्श हैं, मार्श ने पांच मैच में 265 रन बनाये हैं।आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में नूर अहमद पांच मैच में 11 विकेट लेकर पहले जबकि साई किशोर पांच मैचों में 10 विकेट लेकर दूसरे व मोहम्मद सिराज भी पांच मैचों में 10 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर हैं। वहीं इस मैच के बाद गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा के अब पांच मैचों 8 विकेट हो गये हैं और वह आठवें नंबर पर हैं।



## गुजरात ने राजस्थान को चटाई धूल, साई सुदर्शन ने खेली अर्धशतकीय पारी

### -प्रसिद्ध कृष्णा ने लिए 3 विकेट

अहमदाबाद, (आरएनएस)। आईपीएल 2025 के 23वें मैच में गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के बीच को 58 रनों से हरा दिया है. इस जीत के साथ गुजरात की टीम ने प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर कब्जा कर लिया है. जीटी 5 मैचों में 4 जीत और 1 हार के साथ 8 प्वाइंट्स लेकर नंबर 1 पर पहुंच गई है, जबकि आरआर 5 मैचों में 2 जीत और 2 हार के साथ 7वें स्थान पर पहुंच गई हैं.

इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. गुजरात की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 217 रन बनाए. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की पूरी टीम 19.2 ओवर में 159 रन पर ऑल आउट हो गई और 58 रनों से मैच हार गई. यह गुजरात की लगातार चौथी जीत है.

राजस्थान रॉयल्स के गुजरात टाइटंस से जीत के लिए मिले 218 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शिमरोन हेटमायर ने सबसे ज्यादा रन बनाए. उन्होंने 32 बॉल में 4 चौके और 3 छक्के के साथ 52 रनों की पारी खेली. संजू सैमसन ने 28 बॉल में 4 चौके और 1 छक्के के साथ 41 रनों की पारी खेली. उनके अलावा रियान पराग ने 26 रनों का योगदान दिया, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए. गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए. राशिद खान और साईं किशोर ने 2 विकेट लिए. मोहम्मद सिराज, आवेश खान और कुलवंत खेजरोलिया ने 1-1 विकेट हासिल किया.

## राजस्थान रॉयल्स की पूरी टीम पर लगा भारी जुर्माना

अहमदाबाद, (आरएनएस)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है.आईपीएल ने एक मीडिया बयान में कहा, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर 23 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है. इसमें कहा गया, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए सैमसन पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. बयान में आगे कहा गया है, इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया जाएगा.

## ओलंपिक खेलों में होगी क्रिकेट की वापसी, पुरुष और महिला दोनों इवेंट में 6-6 टीमें भाग लेंगी

नई दिल्ली,(आरएनएस) । भारतीय क्रिकेट टीम के लाखों-करोड़ों प्रशंसक 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. क्योंकि, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने पुष्टि की है कि क्रिकेट 128 वर्षों में पहली बार ओलंपिक खेलों में वापसी करेगा. आगामी ओलंपिक में क्रिकेट की पुरुष और महिला स्पर्धा को लेकर अब एक बड़ा अपडेट सामने आया है।




खेलों के महाकुंभ ओलंपिक में क्रिकेट का खेल टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा, जो 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाला है. जब क्रिकेट 128 साल बाद 2028 में ओलंपिक खेलों में वापस आएगा, तो केवल 6 टीमें ही प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल के लिए दावेदार होंगी. पिछली बार 1900 में पेरिस में एक मैच के रूप में ओलंपिक में खेला गया क्रिकेट, एलए 2028 खेलों से वापसी करेगा और चार साल बाद 2032 में ब्रिस्बेन में भी खेला जाएगा।

आयोजकों ने बुधवार को पुष्टि की कि एलए टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें पुरुष और महिला दोनों इवेंट में 6-6 टीमें भाग लेंगी. प्रत्येक स्पर्धा में कुल 90 खिलाड़ी भाग लेंगे. जिससे प्रत्येक टीम को 15 सदस्यीय टीम का नाम देने की अनुमति मिलेगी.क्रिकेट स्पर्धा के लिए 2028 खेलों में क्वालिफिकेशन कैसे मिलेगा. इसकी पुष्टि होना अभी बाकी है. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अंतर्गत 12 फुल मेंबर नेशन हैं, जबकि 90 से अधिक देश एसोसिएट मेंबर के रूप में टी-20 क्रिकेट खेलते हैं।

# 'पूरी रात सो नहीं पाया', तीरंदाज रजत चौहान कंपाउंड आर्चरी के एलए 2028 ओलंपिक में शामिल होने से रोमांचित



नई दिल्ली ,(आरएनएस) । भारत के शीर्ष तीरंदाज रजत चौहान के लिए सपना हकीकत में बदल रहा है, क्योंकि कम्पाउंड तीरंदाजी 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में पदार्पण करने के लिए तैयार है। 2014 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, जो हमेशा ओलंपिक पदक का सपना देखते थे, ने 2016 में अपने दाहिने हाथ पर प्रतिष्ठित पांच ओलंपिक छल्लों का टैटू भी बनवाया था। चौहान ने गुरुवार को कहा, यह पूरे भारत के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि कंपाउंड तीरंदाजी टीम को आखिरकार खुद को साबित करने का मौका मिला है। मैंने 2016 में ओलंपिक टैटू बनवाया था और अब मैं पूरी रात सो नहीं पाया हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं। कम्पाउंड तीरंदाजों के लिए पहला ओलंपिक पदक 2028 ओलंपिक खेलों में प्रदान किया जाएगा, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने घोषणा की है कि कम्पाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को लॉस एंजिल्स में तीरंदाजी कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।तीरंदाजी में, कंपाउंड मिक्स्ड टीम का मुकाबला अब पांच और इवेंट्स के साथ जुड़ गया है - पुरुषों और महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा, पुरुषों और महिलाओं की टीम स्पर्धा, और मिक्स्ड टीम स्पर्धा। इसके जुड़ने से, अब तीरंदाजी में कुल छह पदक उपलब्ध होंगे। 1972 में तीरंदाजी को ओलंपिक खेलों में पुन: शामिल किये जाने के बाद यह पहली बार है कि प्रतियोगिता में एक नई धनुष-शैली को शामिल किया गया है। 1972 में रिकर्व पुरुष और महिला व्यक्तिगत स्पर्धाओं के साथ तीरंदाजी को ओलंपिक कार्यक्रम में फिर से शामिल किया गया। 1988 में टीम प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया और पांचवां तीरंदाजी पदक रिकर्व मिश्रित टीम को शामिल करके टोक्यो 2020 में शुरू किया गया। मिश्रित टीम फॉर्मेट को मिलाकर, कंपाउंड तीरंदाजी में यह पक्का किया गया है कि लॉस एंजिल्स में भी पुरुष और महिला एथलीटों की संख्या बराबर बनी रहे।कंपाउंड एक नए तरह का धनुष है, जो अमेरिका में बना है। इसमें कैम और पुली का इस्तेमाल होता है जिससे तीर बहुत ताकत से दूर तक जाता है। 1995 में वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में पहली बार दिखने के बाद से, इसे बेहतर बनाने के लिए बहुत काम किया गया है। यह धनुष शैली 2013 से विश्व खेलों में तथा हाल ही में अमेरिका, एशिया, यूरोप और प्रशांत क्षेत्र में आयोजित महाद्वीपीय बहु-खेल आयोजनों में शामिल रही है। राजस्थान में पुलिस उपाधीक्षक चौहान के नाम चैंपियनशिप में एक रजत पदक, एशियाई खेलों में स्वर्ण और रजत पदक, चार एशियाई चैंपियनशिप पदक (दो स्वर्ण और इतने ही रजत) दर्ज हैं।

# जल संगोष्ठी के माध्यम से जल संरक्षण का लिया संकल्प

## ग्राम सिमारा में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत हुआ आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में प्रकृति एवं जल संरक्षण को समर्पित "जल गंगा संवर्धन अभियान (30 मार्च से 30 जून 2025)" के अंतर्गत ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम सिमारा (सेक्टर क्रमांक 4) में जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में ग्रामीणों ने जल संरक्षण एवं जल संरचनाओं के पुनरुद्धार का संकल्प लेते हुए अभियान को वृहद स्तर पर संचालित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक दयाशंकर उमरे एवं सरपंच प्रतिनिधि राधेलाल रघुवंशी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि "हमें मिलकर पानी की एक-एक बूंद को बचाना होगा, तभी यह अभियान सफल हो पाएगा।"नवांकुर संस्था मंजू महिला शिक्षा एवं कल्याण समिति के प्रतिनिधि आशीष शर्मा ने अपने संबोधन में संभावित जल संकट, जल की उपलब्धता एवं समाधान विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने "गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में" के मंत्र के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सभी ग्रामीणों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम सिमारा में जन सूचना केंद्र एवं वाचनालय का शुभारंभ भी किया गया, जिसका संचालन राधेलाल रघुवंशी के नेतृत्व में किया जाएगा। समन्वयक श्री उमरे ने स्मृति स्वरूप श्री रघुवंशी को गीता दैनंदिनी भेंट की। इस संगोष्ठी में ग्राम पंचायत सचिव प्रकाश पटेल, ग्रामीण रोज़गार सहायक बृजेश कुमार प्रजापति, सुखराम कुशवाहा (आदर्श नर्सरी, सिमारा), ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 11 अप्रैल को अनु उपयोगी ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनों को सीहोर किया जाएगा रवाना

नर्मदापुरम (निप्र)। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.के. सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिला नर्मदापुरम की Non Functional EVM-VVPAT मशीनों को 11 अप्रैल 2025 शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजें जिले से गठित दल द्वारा जिला कार्यालय के तवा भवन स्थित ई0व्ही0एम वेयरहाउस से जिला सीहोर लेकर जाने हेतु रवाना किया जाएगा। तत्संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने सम्बंधित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो से अनुरोध किया है कि जिला कार्यालय के तवा भवन स्थित ई0व्ही0एम वेयरहाउस के रिजेक्ट ईव्हीएम मशीनों को संधारित किये जाने वाले कक्ष खोले जाते समय, मशीनों की स्केनिंग तथा मशीने जिला सीहोर के लिये रवाना होने तक उपस्थित रहें।

## गिग/प्लेटफार्म वर्कस श्रमिकों हेतु संचालित विशेष अभियान के तहत ई-श्रम पोर्टल पर कराया गया पंजीयन

नर्मदापुरम (निप्र)। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के निर्देश अनुसार जिले में 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक सभी असंगठित क्षेत्र के सभी प्लेटफार्म के गिग् वर्कर्स हेतु ई है-श्रम में पंजीयन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के तारतम्य में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार श्रम विभाग के द्वारा प्रभारी श्रम पदाधिकारी श्रीमती वर्षा इरपाचे, श्रम निरीक्षक सरिता साहू एवं ज्योति पी.ए. द्वारा गत दिवस 9 अप्रैल 2025 को विभिन्न गिग् वर्कर्स प्लेटफॉर्म जैसे इंस्टा कार्ट तथा ईकॉम एक्सप्रेस माखन नगर, सोहागपुर एवं पिपरिया में ई-श्रम कार्ड बनवाए गए तथा सभी गिग वर्कर्स को ई-श्रम में पंजीयन कराए जाने हेतु मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। विदित हो कि ई-श्रम में पंजीयन असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिक स्वयं, एमपी ऑनलाइन के माध्यम से तथा सीएससी सेंटर के माध्यम से करा सकते हैं। ई-श्रम में पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर तथा पैन कार्ड आवश्यक है।

# सात दिवसीय मेगा डांस एवं म्यूजिक वर्कशॉप का भव्य समापन




नर्मदापुरम(निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल तपोभूमि संगीत महाविद्यालय एवं स्पिक मैके द्वारा आयोजित डांस वर्कशॉप का भव्य समापन हुआ। विद्यार्थियों ने कत्थक और तबला लहरी प्रस्तुत की। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम में स्पिक मैके के तत्वावधान में गत दिवस तपोभूमि संगीत महाविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय मेगा डांस एवं म्यूजिक वर्कशॉप का भव्य समापन हुआ। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कत्थक नृत्यांगना कुमारी अस्मिता आइच के निर्देशन में संपन्न हुई इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय कला की बारीकियाँ आत्मसात कीं।समापन समारोह में विद्यार्थियों ने राग मल्हार और राग बहार पर आधारित कत्थक नृत्य प्रस्तुतियाँ दींए जिनकी संगति तबला लहरियों के साथ की गई। विशेष आकर्षण रही कुमारी अस्मिता आइच की कत्थक प्रस्तुतिए जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ बबीता राठौर डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी तथा डॉ विनीता अवस्थी सेवानिवृत्त प्रोफेसर एनएमवी कॉलेज साहित्यकार अशोक जामनानी, आरके चौकसे ;प्राचार्य एनएमवी कॉलेज डॉक्टर बी एल राय प्रोफेसर ज्योग्राफी एनएमवी कॉलेज स्कूल डायरेक्टर्स श्रीमती जूही चटर्जी एवं डॉ आशीष चटर्जी कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों के रूप में शामिल थे।मंच संचालन का श्रीमती अंजुली चौबे एवं श्रीमती महिंदर कौर ने किया। प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने स्वागत भाषण दियाए जबकि आभार प्रदर्शन उप.प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी पलोहिया द्वारा किया गया। समारोह में समस्त पालक गण एवं विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## आधुनिक पार्क का भूमिपूजन आज सांसद विधायक रहेंगे उपस्थित

इटारसी (निप्र)। नगरपालिका परिषद द्वारा अमृत 2.0 ग्रीन स्पेस डेव्लपमेंट योजना के तहत वार्ड 02, इटारसी में आधुनिक पार्क निर्माण होने जा रहा है। जिसका भूमिपूजन आज 11 अप्रैल दिन शुक्रवार वर्ष 2025 शाम 5.00 बजे होगा। भूमिपूजन सांसद दर्शन सिंह चौधरी डॉ सीतासरन शर्मा विधायक नर्मदापुरम इटारसी एवं पूर्व अध्यक्ष मप्र विधानसभा के मुख्य आतिथ्य में होगा। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर के नागरिकों को भूमिपूजन कार्यक्रम में आमंत्रित किया हैं।

## सब स्टेशन की सौगात से किसान संघ ने आभार जताया

डोलरिया। नर्मदापरुरम (निप्र)। राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक के निरंतर प्रयासों से किसान समाज के लिए ग्राम डू.डू गांव में 132 केण्बीण्सबस्टेशन एक बहुत बड़ी सौगात मध्य प्रदेश शासन के द्वारा दी गई है। समस्त किसान समाज उत्साहित है शासन प्रशासन सांसद एवं विधायक किसान नेता राकेश गौर व गणेश गौर ने आभार प्रदर्शन किया है। राकेश गौर व गणेश गौर ने कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन के द्वारा किसान के हित को ध्यान में रखते हुए एक ऐसा किसान हितेषी महत्वपूर्ण कार्य किया है जिससे किसानों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। किसान अपनी फसल को उन्नत एवं खुशहाल कर सकेंगे।

## भगवान श्री परशुरामजी प्रकटोत्सव की तैयारी हेतु बैठक आज

नर्मदापुरम(निप्र) भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव समिति सर्व ब्राह्मण समाज नर्मदापुरम के द्वारा पूर्व वर्षो की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मनाए जाने के लिए समिति की बैठक् का आयोजन आज 11अप्रेल को शाम 4 .30 बजे..गीता मेरिज पैलेस आई टी आई रोड नर्मदापुरम में आयोजित की जा रही है। तदनुसार भगवान श्री परशुराम जी के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 29 व 30 अप्रेल को आयोजित शोभायात्रा एवं अभिषेक की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित है। समिति के सभी सदस्यों ने समस्त विप्र बन्धु एवं वहिनों को आमंत्रित किया है।

## 47 वां लेवल-IV प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रिंसिपल प्राइवेट सेक्रेटरी (पीपीएस)

### 37 प्रतिभागियों ने लिया भाग 10 से 12 अप्रैल तक चलेगा प्रशिक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। भारत सरकार सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान मंत्रालय नई दिल्ली के 37 अधिकारी दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 12. अप्रैल 2025 की अवधि में भ्रमण हेतु पचमढी पधारे है। अधिकारियों के प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में सभी के लिए व्यवस्थाएं कराई गई। साक्षात्कार संस्थान (ISTM) संस्थान, नई दिल्ली कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DOPT), भारत सरकार के तहत एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार, संवैधानिक निकायों, स्वायत्त निकायों और जनता के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है। संस्थान वर्तमान में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में काम करने वाले प्रमुख निजी सचिवों (पीपीएस) के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। ये अधिकारी मध्य प्रदेश में 09 अप्रैल 2025 से 13 अप्रैल 2025 तक भोपाल, सांची और पचमढी को कवर करते हुए अध्ययन दौरे पर हैं। यह दौरा मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से आयोजित किया गया है।

# नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने किया निःशुल्क मेगा होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का निरीक्षण

नर्मदापुरम(निप्र) रामलीला मैदान में लगे निरूशुल्क मेगा होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का गुरूवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। यह शिविर आयुष विभाग द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस डॉ सैमुअल हेनीमेन की जयंती के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में लगाया गया था। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता एवं पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर आदि उपस्थित थे। शिविर में उपस्थित डॉ अक्षय जैन ने बताया कि जिला अधिकारी डॉ विमला गढ़वाल के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 400 से अधिक मरीजों ने होम्योपैथी पद्धति से उपचार कराया। शिविर में डॉ एके पुष्कर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।


**क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1540**

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**

**जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**

ई मेल-mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन -0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

**निविदा सूचना क्रमांक-601/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 08/04/2025**

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 28/04/2025 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू.लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025 _WRD_379701 | घोघरा परियोजना के 44 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 16.44 |
| 2 | 2025_WRD_ 387123 | बारना बांध बाड़ी के सेडल बांध के 3 नग सर्विस गेट एवं इमरजेंसी गेट एवं 35 टन ग्रेट्री क्रेन का सुधार, मरम्मत एवं सर्विसिंग का कार्य। | नर्मदापुरम् | 14.19 |
| 3 | 2025_WRD_397191 | बी.एल.सी. चंदला माइनर नं. 03 की लाईनिंग का कार्य। | छतरपुर | 13.80 |
| 4 | 2025_WRD_398227 | बाणसागर क्योटी नहर के विभिन्न आर.डी. पर लक्ष्मणपुर, बरिगवां, टिकुरी संथा एवं गुढ़ मउगंज योजना के माइनर, सबमाइनर तथा वितरक नहर के गेटों का मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य । | शहडोल | 1.42 |
| 5 | 2025 _WRD_398228 | बाणसागर क्योटी नहर के विभिन्न आर.डी. मरैला संथा एवं दुलहरा संथा के विभिन्न साईज के माइनर, सबमाइनर तथा वितरक नहर गेटों के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। | शहडोल | 0.99 |
| 6 | 2025_WRD_398229 | बाणसागर परियोजना के शासकीय कार्यालयीन एवं आवासीय भवनों में उपयोगी सीलिंग फेन के वार्षिक सुधार एवं मरम्मत कार्य। | शहडोल | 0.84 |
| 7 | 2025_WRD_ 398230 | महान परियोजना की महान मुख्य नहर प्रणाली के विभिन्न आर.डी. पर विभिन्न साइज के स्थापित सी.आर., एच.आर. एवं स्केप गेटों के सामान्य मरम्मत एवं सुधार कार्य। | शहडोल | 0.70 |
| 8 | 2025_WRLD_398231 | बाणसागर परियोजना के सिंहावल नहर प्रणाली के विभिन्न आर.डी. पर के विभिन्न साईज के माइनर तथा सबमाइनर नहर गेटों के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। | शहडोल | 3.88 |
| 9 | 2025_WRD_398232 | बाणसागर बहुउद्देशीय अंतर्राज्यीय परियोजना के मुख्य बांध के दायें तट पर स्थापित 33/11 के व्ही. सब स्टेशन के मरम्मत का कार्य। | शहडोल | 5.66 |
| 10 | 2025_WRD_398233 | बाणसागर परियोजना के बॉयी तट नहर प्रणाली (भितरी) के कुबरी वितरक के विभिन्न माइनर में गेट प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | शहडोल | 2.58 |
| 11 | 2025_WRD_398234 | बाणसागर परियोजना के बॉयी तट नहर प्रणाली (भितरी) के सेन्ट्रल वितरक एवं कैथहा वितरक के विभिन्न माइनर में गेट प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | शहडोल | 3.32 |
| 12 | 2025_WRD_398235 | महान परियोजना गुलाब सागर बांध की खड्डी उदवहन सिंचाई योजना के जैकवेल की सफाई (सिल्ट, स्लज ब्रिक बैट्स, पालीथीन बैग, गारबेज इत्यादि) का कार्य | शहडोल | 2.47 |
| 13 | 2025_WRD_398238 | बाणसागर परियोजना के स्थित दॉयी तट नहर प्रणाली में स्थापित विभिन्न माइनर गेटों के मरम्मत एवं नये गेटों के प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | शहडोल | 3.11 |
| 14 | 2025_WRD_398239 | बाणसागर कालोनी देवलोंद के शासकीय आवास गृह क्रमांक जी-11 अ, जी-21 अ, जी-58 ब एवं जी-66 अ के आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य। | शहडोल | 0.81 |
| 15 | 2025_WRD_398241 | महान परियोजना गुलाब सागर बांध के इंस्पेक्शन एवं फाउंडेशन गैलरी के आंतरिक प्रकाश व्यवस्था के मरम्मत एवं सुधार का कार्य। | शहडोल | 1.75 |
| 16 | 2025_WRD_398245 | बाणसागर सी.डब्ल्यू.सी. नहर के आर.डी. 35.00 कि.मी. में स्थापित सी.आर. कम एच.आर. गेट हेतु लगे केबिल, आइसोलेटर, एम.सी.बी. लूमनरीस के बदलीकरण एवं अन्य विविध कार्य। | शहडोल | 0.84 |
| 17 | 2025_WRD_405336 | दतुनी मध्यम परियोजना के मुख्य नहर के डिस्ट्रीब्यूटरी आर.डी. 1010 मीटर पर व्ही.आर.बी. का निर्माण कार्य। | देवास | 11.39 |
| 18 | 2025_WRD_407166 | भोपाल एवं बैरसिया तहसील के माइनर टैंक्स जलद्वारों का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत कार्य। | भोपाल | 3.05 |
| 19 | 2025_WRD_407167 | नरसिंहगढ़ एवं ब्यावरा तहसील के माइनर टैंक्स का सुधार व मरम्मत कार्य। | भोपाल | 3.93 |
| 20 | 2025_WRD_410016 | ढ़ाबलामाता तालाब की नहरों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | सीहोर | 3.41 |
| 21 | 2025_WRD_410019 | काकंरखेड़ा एवं भाउखेड़ी तालाब की नहरों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | सीहोर | 7.47 |
| 22 | 2025_WRD_411860 | संभाग, मंदसौर स्थित कालोनी में निर्मित चार पुराने भवनों का अपलेखन, सामग्री परिवहन एवं समतलीकरण कार्य। | मंदसौर | 0.33 |
| 23 | 2025_WRD_411889 | मोहनपुरा बांध एवं इसकी गैलरी की वार्षिक रख-रखाव एवं अन्य विविध कार्य। | राजगढ़ | 16.75 |
| 24 | 2025_WRD_412050 | मुख्य अभियंता (बोधी), जल संसाधन विभाग, भोपाल एवं अधिनस्थ कार्यालयों के लिये 4 नग वाहन किराए लेना। | भोपाल | 13.78 |
| 25 | 2025_WRD_412111 | कार्यालय मुख्य अभियंता, चम्बल बेतवा कछार, जल संसाधन विभाग, भोपाल में स्थित डेजर्ट कूलर का सुधार व मरम्मत कार्य। | भोपाल | 1.74 |
| 26 | 2025_WRD_412113 | कार्यालय मुख्य अभियंता, चम्बल बेतवा कछार एवं अधीक्षण यंत्री, जल संसाधन मण्डल, भोपाल के एयर कंडीशर्स का सुधार व मरम्मत कार्य। | भोपाल | 0.74 |
| 27 | 2025_WRD_412114 | मोला बॉध के 05 नग कैनाल स्लूस गेटस का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | भोपाल | 3.23 |
| 28 | 2025_WRD_412115 | सेमरी मध्यम परियोजना पर पेंटिंग कार्य। | भोपाल | 1.12 |
| 29 | 2025_WRD_412117 | उपसंभाग सीहोर के माइनर टैंक्स का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | भोपाल | 1.46 |
| 30 | 2025_WRD_412119 | संजय सागर बांध के स्टाफ क्वाटर में जल प्रदाय हेतु सबमर्सिबल मोटर संस्थापन का कार्य। | भोपाल | 0.72 |
| 31 | 2025_WRD_412120 | बघरू बांध के 01 नग 5 एच.पी. एयर रेड साईरन का सुधार कार्य। | भोपाल | 0.50 |
| 32 | 2025_WRD_412144 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग बैतूल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | नर्मदापुरम् | 3.42 |
| 33 | 2025_WRD_412180 | विक्रमपुर बरौहा ताबाल एवं मुटवा ताबाल बांध एवं केनाल का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | पन्ना | 9.73 |
| 34 | 2025_WRD_412181 | ककरहटी वियर ताबाल बांध एवं केनाल का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | पन्ना | 7.50 |
| 35 | 2025_WRD_412182 | उमरी तालाब बांध का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | पन्ना | 13.93 |
| 36 | 2025_WRD_412184 | बघनरवा ताबाल के बांध का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | पन्ना | 4.10 |
| 37 | 2025_WRD_412185 | पगरी नाला एवं बोरा नाला बांध सुधार एवं मरम्मत कार्य। | पन्ना | 6.53 |
| 38 | 2025_WRD_413022 | उपसंभाग गंजबासौदा एवं कुरवाई के स्टापडेम एवं बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | विदिशा | 15.97 |
| 39 | 2025_WRD_413023 | उपसंभाग सिरोंज एवं शमशाबाद के स्टापडेम एवं बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने, मरम्मत, पेटिंग तथा रबर सील बदलने का कार्य। | विदिशा | 18.50 |
| 40 | 2025_WRD_413633 | खांडाबड़ तालाब के स्लूस एवं बांध का मरम्मत कार्य। | सीहोर | 4.21 |
| 41 | 2025_WRD_413674 | बाणसागर पुरवा नहर के आर.डी. 42.00 कि.मी. से 103.43 कि.मी. के मध्य शाखा एवं उपशाखाओं पर स्था पित विभिन्न साइज के गेटों के मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य। | शहडोल | 3.86 |
| 42 | 2025_WRD_413823 | सिंध परियोजना पक्का बांध संभाग, मड़ीखेडा, के संभागीय एवं उपसंभागीय कार्यालय भवन शिवपुरी का मरम्मत कार्य। | शिवपुरी | 7.67 |
| 43 | 2025_WRD_413825 | सिंध परियोजना नहर मण्डल शिवपुरी के कार्यालय भवन का मरम्मत कार्य। | शिवपुरी | 8.36 |
| 44 | 2025_WRD_413922 | कटनी जिलें की विभिन्न लघु जलाशयों में 10 नग जलद्वारों की मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.05 |
| 45 | 2025_WRD_413924 | छतरपुर जिलें की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 30 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.68 |
| 46 | 2025_WRD_413925 | पन्ना जिलें की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 15 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.53 |
| 47 | 2025_WRD_413926 | पन्ना जिलें की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 24 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.91 |
| 48 | 2025_WRD_413927 | पवई मध्यम बांध के विभिन्न प्रकार के विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 4.22 |
| 49 | 2025_WRD_413928 | दमोह जिलें की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 12 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.51 |
| 50 | 2025_WRD_413929 | पंचमनगर बैराज मध्यम बांध में विद्युत यांत्रिकीय कार्य। | सागर | 1.40 |
| 51 | 2025_WRD_413930 | पगरा मध्यम बांध के विभिन्न प्रकार के विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.32 |
| 52 | 2025_WRD_413931 | टीकमगढ जिलें की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 18 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.03 |
| 53 | 2025_WRD_413932 | सागर जिलें की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 19 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.25 |
| 53 | 2025_WRD_413932 | सागर जिलें की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 19 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.25 |
| 54 | 2025_WRD_413986 | बानसुजारा सिंचाई परियोजना के विभिन्न प्रकार के विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.74 |
| 55 | 2025_WRD_414075 | उपसंभाग धामनोद केनाल बागली के 03 जलाशयों के 07 नग जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.84 |
| 56 | 2025_WRD_414081 | उपसंभाग क्र.02 मनावर केनाल बागली के 02 जलाशयों के 11 नग जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.73 |
| 57 | 2025_WRD_414084 | थाना एवं इन्दला जलाशयों के जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.70 |
| 58 | 2025_WRD_414085 | उपसंभाग काठीवाड़ा के 11 जलाशयों के 11 जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.84 |
| 59 | 2025_WRD_414086 | उपसंभाग सौड़वा के 07 जलाशयों के 08 जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.85 |
| 60 | 2025_WRD_414087 | उपसंभाग बदनावर के 05 जलाशयों के 11 जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.85 |
| 61 | 2025_WRD_414088 | उपसंभाग सोनकच्छ के 10 जलाशयों के 16 जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.82 |
| 62 | 2025_WRD_414089 | उपसंभाग पारस केनाल बागली के 5 जलाशयों के 6 नग जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.84 |
| 63 | 2025_WRD_414090 | उपसंभाग महु के 08 जलाशयों के 13 जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.71 |
| 64 | 2025_WRD_414091 | उपसंभाग इन्दौर के 08 जलाशयों के 11 जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.84 |
| 65 | 2025_WRD_414542 | विभिन्न कार्यालयों में स्थापित डिसर्ट एयर कूलर एवं ए.सी. का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 1.39 |
| | | | कुल योग | 277.26 |

जी/11337/25 हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com